हरिभूमि
# रायपुर भूमि





शिक्षा मंत्री निवास घेराव कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बलपूर्वक हटाया

*निरस्त की गई है डीएलएड अभ्यर्थियों की वेटिंग लिस्ट, इसे बहाल कर नियुक्ति की मांग*

# नौकरी पाने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश, पुलिस ने भेजा जेल, जमकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रतीक्षा सूची को निरस्त करने का विरोध कर रहे डीएलएड कैंडिडेट्स का विरोध शुक्रवार को उग्र हो गया। अभ्यर्थी शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव के निवास पहुंचे। निवास घेराव के बाद उन्होंने पेट्रोल डालकर सामूहिक आत्मदाह की कोशिश की। पुलिस प्रशासन ने उनको बलपूर्वक हटाया। तत्पश्चात विरोध दर्ज करा रहे सभी अभ्यर्थियों को चार बसों में भरकर



केंद्रीय जेल भेज दिया गया। यहां से सभी को तूता धरना स्थल छोड़ा गया। डीएलएड अभ्यर्थियों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस प्रशासन द्वारा उन पर बल प्रयोग किया गया। इस दौरान उनके 10 साथी घायल भी हो गए। उन्होंने कहा, यदि डीएड अभ्यर्थियों के साथ कुछ अनहोनी होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार, शिक्षा मंत्री ,शिक्षा सचिव और संचालक लोक शिक्षण ▶▶|शेष पेज 13 पर

## यह है मामला

स्कूल शिक्षा विभाग सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग लेकर हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों को लेकर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर चुका है। सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की गई थी। परिणाम एक जुलाई 2023 को घोषित किए। इस परिणाम की वैधता जुलाई 2025 तक थी। ऐसे में इन परीक्षा परिणामों के आधार पर अब नियुक्ति नहीं हो सकती। जो अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग लेकर हड़ताल कर रहे हैं, वे मेरिट लिस्ट में निचले क्रम में थे। इस कारण ही उनका चयन नहीं हुआ। इन स्थितियों में नियुक्ति को लेकर उनकी मांग को विभाग अवैधानिक मान रहा है।

## विवादों में रही है भर्ती

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा को कई विवादों का सामना करना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पश्चात बीएड डिग्रीधारियों को प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए अपात्र कर दिया गया था। थोक में शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी थी। न्यायालयीन आदेश के बाद इन नियुक्तियों को निरस्त किया गया। उनके स्थान पर डीएलएड डिग्री रखने वाले कैंडिडेट्स को प्राथमिक कक्षाओं में बतौर सहायक शिक्षक नियुक्ति दी गई। कुछ माह नौकरी करने के बाद निकाले गए बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों ने कई माह आंदोलन किया। इसके बाद उन्हें लैब असिस्टेंट के पदों पर नियुक्ति दी गई। उक्त आंदोलन के बाद अब चयन से वंचित रह गए डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों ने मोर्चा खोल दिया है।

## खबर संक्षेप

### शादी करने का झांसा देकर युवती से ठगी



रायपुर। युवती को शादी करने का झांसा देकर चार लाख की ठगी करने तथा रेप की कोशिश के आरोपी को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने उत्तरप्रदेश, नोएडा से गिरफ्तार किया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने प्रशांत मंडल को गिरफ्तार किया है। युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रशांत से उसका परिचाय शादी डॉट कॉम के माध्यम से हुआ। प्रशांत ने युवती को अपना परिचय डॉक्टर के रूप में देते हुए पिछले महीने स्टेशन रोड स्थित एक होटल में मिलने के लिए बुलाया। युवती के होटल पहुंचने पर प्रशांत ने युवती के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। साथ ही युवती की फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर उसने चार लाख रुपए वसूली की थी।

# 21 थानों को कंट्रोल करेंगे आधा दर्जन आईपीएस
# राजधानी के पहले कमिश्नर संजीव ने संभाला काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी की पुलिसिंग व्यवस्था शुक्रवार को दो भागों में बंट गई। एक भाग पुलिस कमिश्नरेट में शामिल हो गया, जबकि दूसरा हिस्सा रायपुर ग्रामीण में बंट गया। राजधानी के पहले पुलिस कमिश्नर के रूप में संजीव शुक्ला तथा रायपुर ग्रामीण एसपी के रूप में श्वेता सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही 2020 बैच की आईपीएस राजनाला स्मृतिक ने क्राइम डीसीपी का चार्ज लिया है। इसके साथ ही अन्य पुलिस अफसर जिनकी यहां पूर्व से पोस्टिंग है, उन सभी का शुक्रवार से पदनाम बदल गया है। नए पुलिस कमिश्नर श्री शुक्ला ने पदभार ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अफसरों की संख्या हुई दोगुनी

पूर्व में दो आईपीएस अधिकारी जिनमें एक रेंज आईजी था, जिले में एक एसएसपी के साथ रायपुर शहर, ग्रामीण तथा नवा रायपुर के लिए चार एएसपी साथ ही ट्रैफिक, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा महिला संबंधित अपराध रोकने एएसपी ▶▶|शेष पेज 13 पर



- ग्रामीण एसपी का कार्यालय अस्थायी तौर पर कमिश्नरेट कार्यालय से संचालित होगा
- कमिश्नर के साथ क्राइम डीसीपी ने पदभार ग्रहण किया

### 21 थानों को कंट्रोल करने आधा दर्जन आईपीएस

राजधानी में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद शहरी क्षेत्र में 21 थाना क्षेत्र शामिल हैं। 21 थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने हर चार थाना के पीछे एक आईपीएस अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही हर थाने में एक राजपत्रित पुलिस अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा इन थानों में एसएचओ (टीआई) होंगे।

### बल बंटवारा करने में होगी परेशानी

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू तो कर दी गई है, लेकिन बल को लेकर शासन स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया है। वर्तमान में रायपुर शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र को जोड़कर 2750 का बल है। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के अलग होने के बाद बल बंटवारा करने परेशानी का सामना करना पड़ेगा। थानों के हिसाब से दो तिहाई बल कमिश्नरेट में शामिल होगा। एक तिहाई बल ग्रामीण क्षेत्र में होने से ग्रामीण क्षेत्र में बल की भारी कमी होगी। ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र में तत्काल बल की पूर्ति करनी होगी। ग्रामीण थानों में बल की संख्या एक हजार से नीचे हो जाएगी।

### *अलग कोर्ट की व्यवस्था करनी पड़ेगी*

*पुलिस कमिश्नरेट को पूरी तरह अस्तित्व में आने में एक महीने का वक्त लग सकता है। इसका कारण यह है कि पुलिस कमिश्नरेट में अफसरों की नियुक्ति कर दी गई है। अफसरों की नियुक्ति के बाद पुलिस कमिश्नर के साथ जितने डीसीपी तथा एसीपी हैं, उन सभी के लिए अलग से कोर्ट की व्यवस्था करनी होगी। दिए गए मजिस्ट्रियल पॉवर के तहत पुलिस अधिकारी आरोपियों को जेल भेज सकते हैं। ऐसे में बदमाशों के खिलाफ अनुशंसा की गई जिलाबदर, रासुका, हथियार लाइसेंस की सुनवाई के जितने मामले हैं, उसकी* ▶▶|शेष पेज 13 पर

# शुरू हुई सीटी एंजियोग्राफी आंबेडकर अस्पताल के मरीजों ने ली चैन की सांस

- इंजेक्टर के अभाव में नहीं हो रही थी जांच, अब सप्ताहभर में 29 की बीमारी पहचानी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले छह महीने से बिगड़ी आंबेडकर अस्पताल की मशीन सुधरने से मरीजों ने चैन की सांस ली है। इंजेक्टर के अभाव में रेडियोडायग्नोसिस विभाग में जांच नहीं हो रही थी। मशीन के पुनः प्रारंभ होने के बाद सप्ताहभर में 29 की बीमारी पहचानी गई, जिससे इनका जरूरी उपचार शुरू हुआ। सीटी एंजियोग्राफी के माध्यम से कोरोनरी एंजियोग्राफी, ब्रेन (सेरेब्रल), एब्डोमिनल, पेरिफेरल ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सुदृढ़ीकरण का ठोस प्रयास

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार ठोस प्रयास कर रही है। आम नागरिकों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण ▶▶|शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### मनरेगा बचाओ अभियान के लिए कांग्रेस की समिति

**रायपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के लिए कांग्रेस ने प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है। इसका संयोजक पूर्व मंत्री उमेश पटेल को बनाया है। इसी के साथ समिति में जेपी श्रीवास्तव, बीरेश ठाकुर, संदीप साहू, दीपक दुबे, अमरजीत चावला, भुनेश्वर बघेल, प्रमोद दुबे और विजय केशरवानी रखे गए हैं।

### वीबी जी राम जी पर कल होगा सम्मेलन

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आगामी 25 जनवरी को यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषक सभागार में मन की बात एवं वीबी-जी-राम-जी पर सम्मेलन आहूत किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना जाएगा। इसके बाद वीबी-जी-राम-जी सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे।

### कांग्रेस ने मध्यान्ह भोजन रसोइया, सीएएफ और डीएड शिक्षक अभ्यर्थियों के आंदोलन का किया समर्थन

**रायपुर।** कांग्रेस ने मध्यान भोजन रसोइया, सीएएफ और डीएड शिक्षक अभ्यर्थियों के आंदोलन का समर्थन किया है। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार की विफलता का मेला माना तूता धरना स्थल पर दिख रहा है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान तमाम अनियमित कर्मचारियों से 100 दिन के भीतर नियमितीकरण का वादा मोदी की गारंटी के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने किया, लेकिन सरकार आने के बाद से अपने वादे और मोदी की गारंटी से भाजपा की सरकार पलट गई है। नौकरी की मांग को लेकर विगत एक महीने से धरने पर बैठे सीएएफ अभ्यर्थियों से धक्का मुक्की और मारपीट पर उतारू है यह सरकार। लंबे समय से अनशन पर बैठी एक महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ने पर एम्बुलेंस तक को नहीं जाने दिया गया। यह इस सरकार की अमानवीयता की पराकाष्ठा है। डीएड अभ्यर्थी की भर्ती नहीं करना सरकार की अकर्मण्यता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

# प्रस्तावित पांच नए शासकीय मेडिकल कालेजों में डीन की नियुक्ति, निर्माण में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पांच नए शासकीय मेडिकल कालेज की शुरुआत करने शासन द्वारा वहां अधिष्ठाताओं की नियुक्ति कर दी गई है। डीन की नियुक्ति के बाद कालेज निर्माण और आवश्यक संसाधन जुटाने के काम में तेजी आएगी। राज्य में अभी दस सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय सक्रिय हैं, नए कालेज खुलने से इनकी संख्या पंद्रह हो जाएगी।

स्वास्थ्य सेवा के विस्तार और राज्य में डाक्टरों की कमी को दूर करने के लिए पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की शुरुआत करने मानव संसाधन की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। शासन द्वारा कबीरधाम, मनेन्द्रगढ़, कुनकरी जशपुर, जांजगीर और दंतेवाड़ा में खोले जाने वाले चिकित्सा महाविद्यालय में अधिष्ठाताओं की नियुक्ति की गई है। नियुक्त डीन के नेतृत्व में चिकित्सा महाविद्यालय के लिए आवश्यक निर्माण, शैक्षणिक ढांचे की व्यवस्था मानव संसाधन जुटाने के काम में तेजी आएगी। राज्य में अभी दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सक्रिय हैं, यहां पढ़ाई के साथ क्षेत्र के लोगों को उपचार की सुविधा भी मिल रही है। स्थानीय लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के लिए दूर जाने जरूरत नहीं पड़ रही है। इसके अलावा यहां पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टर दूरवर्ती इलाकों में जाकर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लोगों को उपचार सुविधा मुहैया करवा रहे हैं। पांच नए कालेज खुलने से शासकीय कालेजों की संख्या पंद्रह हो जाएगी जिससे तमाम तरह की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

**राज्य में दस के बजाय पंद्रह होंगे सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय**



**इनकी हुई नियुक्ति**

1. डा. रंजना सिंह आर्या, संचालक सह प्राध्यापक अंबिकापुर को डीन मनेन्द्रगढ़ मेडिकल कालेज
2. डा. मनोज कुमार मिंज, प्राध्यापक रायगढ़ को अधिष्ठाता जशपुर मेडिकल कालेज की जिम्मेदारी
3. डा. अजय कोसम, प्राध्यापक राजनांदगांव को डीन कबीरधाम मेडिकल कालेज का अतिरिक्त प्रभार
4. डा. राकेश नहरेल, प्राध्यापक बिलासपुर को अधिष्ठाता जांजगीर-चांपा मेडिकल कालेज
5. डा. टीकू सिन्हा सुपरिंटेंडेंट जगदलपुर को अधिष्ठाता दंतेवाड़ा चिकित्सा महाविद्यालय

## संतोष पांडेय बोले- भूपेश बघेल असम में भाजपा के अंत का दिवास्वप्न देख रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल असम में भाजपा के अंत का दिवास्वप्न देख रहे हैं। आजकल मुद्दों की दरिद्रता के कारण राजनीतिक अस्तित्व के संकट से जूझ रहे बघेल शायद स्मृतिलोप के दौर से भी गुजर रहे हैं। बघेल को यह तो कतई नहीं भूलना चाहिए कि जिन-जिन प्रदेशों की कमान उनको सौंपी गई थी, उन-उन प्रदेशों में कांग्रेस का बंटाधार हो चुका है और असम भी उनमें एक राज्य रहा है।



■ इस सच्चाई से मुंह न चुराएं कि प्रबुद्ध देशवासी कांग्रेस मुक्त भारत के लिए संकल्पित हो चुके हैं

श्री पाण्डेय ने कहा, छत्तीसगढ़ और देश के जनमानस का मूड भांपने में भूपेश बघेल हर बार गच्चा खाने के बाद भी मुंगेरीलाल की तरह फिर असम में भाजपा के अंत का सपना देख रहे हैं। बघेल ऐसे सपने देखकर चाहे जितनी डींगें हांकते और परिवार-वन्दना की शर्मनाक मिसाल पेश करते फिरें, पर इस सच्चाई से मुंह न चुराएं कि प्रबुद्ध देशवासी कांग्रेस मुक्त भारत के लिए संकल्पित हो चुके हैं। श्री पाण्डेय ने कहा, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में जिस सख्ती के साथ देश-विरोधी ताकतों को नेस्त-ओ-नाबूद किया जा रहा है, घुसपैठियों को उनके बिलों से निकाल बाहर करके असम में स्थाई शांति और विकास का मार्ग बनाया जा रहा है, उससे दरअसल कांग्रेस की बदनीयती लहूलुहान हो रही है और उसी बिलबिलाहट में कांग्रेसी अपने बड़बोलेपन का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### सबसे अहम प्रदेश संगठन की कार्यसमिति का गठन

# प्रदेश भाजपा संगठन का बचा विस्तार इस माहांत तक होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद अब प्रदेश भाजपा में संगठन के बचे विस्तार पर तैयारी प्रारंभ हो गई है। पहले लगा था कि नए प्रदेश प्रभारी के बाद ही संगठन का बचा विस्तार होगा, लेकिन प्रदेश भाजपा के नेताओं का कहना है कि इसके लिए नए प्रदेश प्रभारी का इंतजार जरूरी नहीं है। संगठन का विस्तार किया जा सकता है। इसमें सबसे अहम प्रदेश संगठन की कार्यसमिति का गठन करना है। इसी के साथ जिन मोर्चा के जिलाध्यक्ष बचे हैं और मोर्चा के जिलों की कार्यसमिति बची है, साथ ही प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। भाजयुमो में अब तक 13 जिलों के जिलाध्यक्षों का पेंच फंसा हुआ है। इसी के साथ भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में ओवरएज को बाहर का रास्ता भी दिखाया जाना है।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते साल 13 अगस्त को ऐलान हुआ था। इसमें बड़ा बदलाव किया गया। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। इसका गठन लंबे समय से अटका हुआ है। सभी मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान हो चुका है। इसी के साथ ज्यादातर मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी बन गए हैं। जिन मोर्चा में कुछ जिले बचे हैं, उनका ऐलान भी इस माह के अंत तक करने की तैयारी है।




### कार्यसमिति में भी फेरबदल की कवायद

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है। लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्य सभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। कार्यसमिति में भी कई नए चेहरों को मौका मिलेगा। इसको लेकर कवायद चल रही है। संभावना है कि कार्यसमिति को भी इस माह के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## बृजमोहन ने उठाया छत्तीसगढ़ में उर्वरक एवं रसायन निवेश का मुद्दा



**रायपुर।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को संसद की रसायन एवं उर्वरक संबंधी स्थाई समिति के अध्ययन दौरे पर मुंबई पहुंचे। यहां उर्वरक क्षेत्र के सशक्तिकरण को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने छत्तीसगढ़ में उर्वरक एवं रसायन निवेश का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर उर्वरक विभाग, राष्ट्रीय उर्वरक लिमिटेड, राष्ट्रीय रसायन एवं उर्वरक लिमिटेड, रामागुंडम उर्वरक निगम लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, इफको एवं कृभको के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

■ संसद की रसायन एवं उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की बैठक

चर्चा के दौरान सार्वजनिक, निजी, सहकारी, संयुक्त उद्यम तथा सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से नई उर्वरक इकाइयों की स्थापना पर विस्तार से मंथन किया गया। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की औद्योगिक क्षमता, कच्चे माल की उपलब्धता, बेहतर लॉजिस्टिक्स तथा कृषि प्रधान स्वरूप की ओर विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा, राज्य उर्वरक एवं रसायन क्षेत्र में निवेश के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ जैसे कृषि बहुल राज्य में उर्वरक इकाइयों की स्थापना से न केवल किसानों को समय पर एवं सुलभ उर्वरक उपलब्ध होंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोज़गार सृजन, औद्योगिक विकास और क्षेत्रीय संतुलन को भी मजबूती मिलेगी।इसके साथ ही पेट्रोलियम, रसायन एवं पेट्रोकेमिकल निवेश क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग तथा ओएनजीसी पेट्रो एडिशन्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ भी सार्थक विचार-विमर्श किया गया।



## खबर संक्षेप

### कोसमखुटा में आज से श्रीमद् भागवत कथा

**आरंग।** ग्राम कोसमखुटा में 24 से 30 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रवचनकर्ता पं. पवन तिवारी होंगे। कार्यक्रम मे 24 जनवरी को कलशयात्रा, वेदी पूजन, देव स्थापना, व्यास पूजन, श्री गोकर्ण कथा होंगी। वही 25 को श्री भागवत कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म एवं श्राप सृष्टि रचना, वराह अवतार की कथा, 26 को कपिल अवतार, श्री शिव सती प्रसंग, श्री शिव पार्वती विवाह की कथा, 27 को श्री ध्रुव कथा, श्री जड़ भरत प्रसंग, अजामिल प्रसंग, श्री भक्त प्रहलाद की कथा, 28 को श्री गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा, 29 को बाल लीला, गोवर्धन पूजा, कंस वध, श्री कृष्ण-रूखमणी विवाह उत्सव की कथा, 30 को श्री सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष, श्री गीता जी तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति, भोजन भंडारा, महाप्रसादी एवं चढ़ौत्री के साथ कथा को विश्राम दिया जायेगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से प्रभु की ईच्छा तक चलेगा। साथ हीं प्रतिदिन रात्रिकालीन विभिन्न कार्यक्रम भी रखा गया है।

### बाराडेरा में मड़ई आज कई दिग्गज होंगे शामिल

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित तुलसी बाराडेरा में आज 24 जनवरी को मड़ाई मेला उत्सव का आयोजन रखा गया है, जिसमें मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा अति विशिष्ट अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल कैबिनेट मंत्री भरत मटियारा राज्य मंत्री दर्जा अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड सीजी, अध्यक्षता पद्म श्री अनुज शर्मा विधायक धरसीवां विधानसभा, विशिष्ट अतिथि देव जी भाई पटेल पूर्व विधायक नन्द कुमार ओझा, नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, संदीप यदु उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, नितिन अग्रवाल, शकुंतला ढीलेंद सेन, अध्यक्ष जनपद पंचायत धरसीवां दिनेश खूंटे उपाध्यक्ष, बरखा लोकेश साहू सदस्य जनपद पंचायत धरसीवां निर्मल महावर, रंजना महावर, जसपाल सिंह होरा प्रमुख रूप से सम्मिलित होगे । कार्यक्रम आयोजक सुरेश कुमार धीवर सरपंच तुलसी टामेश उप सरपंच लक्ष्मी नारायण साहू राजू बैद्यनाथ धीवर सरपंच प्रतिनिधि लिकेश खेलवार सुदन सेन रमेंद्र सेन मेघनाथ धीवर ,युगल धीवर भूषण देवागन व ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन रखा जिसकी तैयारी में पंचायत जुटे हुए है।

**पर्व:** शांति, समृद्धि एवं जगत कल्याण के लिए आहुतियां डाली

# बसंत पंचमी पर माता सरस्वती की पूजा अर्चना की एवं जनकल्याण के लिए हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा





गायत्री मंदिर नेवरा में बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया।इस अवसर पर हवन पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में समिति द्वारा माता सरस्वती और माता गायत्री पूजन कर गायत्री एवं माता सरस्वती की उपासना की गई। 5 कुण्डीय यज्ञ में लोगों ने सुख, शांति, समृद्धि एवं जगत कल्याण के लिए प्रार्थना कर आहुति डाली । इस अवसर पर बच्चों के विद्यारंभ संस्कार, पुंसवन और यज्ञोपवीत संस्कार जैसे विभिन्न ऋषि संस्कार भी संपन्न कराए गए।मंदिर को पीले फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री मंदिर नेवरा में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। इया मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने समाज में सुख-शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए यज्ञ में आहुतियां डाली। अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला संयोजक दायुलाल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे भारत देश में बंसत उत्सव मनाने की परंपरा पौराणिक काल से ही चली आ रही है। बंसत ऋतु में सूर्य भगवान उत्तरायण में होने के कारण यह मौसम सकारात्मक भाव, उर्जा, नई उम्मीद, उत्साहपूर्वक परिवर्तन एवं मानव जीवन का आनंदित करने वाला होता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं ऋतुओं में ऋतुराज बंसत हूं। इस मौसम में किसान अपनी तैयार फसल घर लेकर आते है एवं इस समय संपूर्ण भारत वर्ष में अनेकों त्योहार व मेलों का आयोजन किया जाता है। जय नारायण अग्रवाल ने कहा कि यज्ञ कर्म द्वारा पर्यावरण शुद्धि व अध्यात्मिक संस्कारों की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि गायत्री महामंत्र द्वारा किया गया यज्ञ सफल होता है। महायज्ञ में गायत्री परिवार के दांउलाल वर्मा भगवती वर्मा टोकेश्वर वर्मा जय नारायण अग्रवाल गोकुल जायसवाल चतुर यादव डोमार वर्मा कुसुम वर्मा घनश्याम लाल वर्मा भगवती नकटी श्यामलाल वर्मा कुसुम वर्मा पूर्णिमा वर्मा.श्यामा दीदी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने आहूति डाली।

### मां सरस्वती जयंती पर चपरीद में न्योता भोज

**आरंग।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चपरीद में माता सरस्वती की पूजा के साथ दृष्टि कृषि फार्म के संचालक गण रामगोपाल साहू, धामनी साहू, पंकज वर्मा एवं वीरेंद्र वर्मा की ओर से विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। इस दौरान बच्चों को पुलाव, टमाटर की चटनी, खीर, पूरी एवं पापड़ परोसा गया, जिससे बच्चे प्रफुल्लित हो उठे। ज्ञात हो कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना "आओ खुशियाँ बाँटें" से प्रेरित होकर यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मृणाल पांडे एवं शाला परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।

### बसंत पंचमी पर छात्रों ने की मां सरस्वती की पूजा-अर्चना

मंदिरहसौद। मंदिरहसौद स्थित मोनेट डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में आज कक्षा पाँचवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सभा में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष शाला प्राचार्या श्रीमती रितु चौधरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर विद्यार्थी अर्णव घोष ने वसंत पंचमी के महत्व एवं इसके सांस्कृतिक पक्ष पर अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से माँ सरस्वती के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति भाव प्रकट किया। संगीत शिक्षक श्री दिव्यांशु गौराहा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा शिक्षिका अंकिता चौरसिया तथा श्री सत्यवान बारीक के दिशा निर्देशन में कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन गीत प्रिया साहू एवं आलिया खान ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्री तरुण कुमार शास्त्री एवं श्री सत्यवान बारीक के मार्गदर्शन में हवन संपन्न हुआ। प्रार्थना सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजूकेशन मंदिर हसौद में मनाया गया बसंत पंचमी

मंदिर हसौद। सेंट्रल कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन मंदिर हसौद बसंत पंचमी के अवसर हुआ सरस्वती पूजन विद्या की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य उत्सव 'बसंत पंचमी' कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के संचालक श्री प्रवीण चंद्राकर भावना चंद्राकर एवं प्राचार्या प्राध्यापकों और समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित किये गये प्राचार्या डॉ. वैशाली गावारले जी ने अपने संदेश में कहा कि बसंत पंचमी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ने का संकल्प है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया। पीले वस्त्रों में सजे विद्यार्थियों ने पूरे वातावरण को बसंती रंग में सराबोर कर दिया।

## बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की जयंती मनाई व आम्र मंजरी से छात्रों ने की पूजा



**आरंग।** विकासखंड आरंग के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा में विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजन एवं बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाला परिवार द्वारा सामूहिक सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने जयकारे लगाते हुए माता सरस्वती को गेंदा, गुलाब, आम्र मंजरी और सरसों के पीले पुष्प तथा पुष्पहार अर्पित किए। पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद श्रीफल तोड़कर सभी के लिए मंगल और शुभता की प्रार्थना की गई। मौके पर मौजूद शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी का महत्व समझाया और उन्होंने कहा कि— विद्या की देवी माँ सरस्वती की कृपा के बिना ज्ञान अधूरा है तथा शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्वभाव में विनम्रता होना अनिवार्य है। बच्चों को प्रकृति चक्र की जानकारी देते हुए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी भी कराई गई, जिसमें बच्चों ने वसंत को ऋतुराज बताया। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक गण के के साहू एवं अरविंद वैष्णव, शिक्षक गण रामनारायण कन्नौजे, विमला चौहान, नोहर लाल यादव, घनश्याम साहू और फातिमा जांगड़े उपस्थित रहे। साथ ही मध्याह्न भोजन स्व-सहायता समूह से डिगेश्वरी यादव, सीमा यादव, ललिता यादव और पूजा यादव ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

■ स्कूलों में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

# अग्रसेन योगासन शाखा ने मनाई बसंत पंचमी



**आरंग।** अग्रसेन योगासन शाखा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर, अग्रवाल पारा, आरंग के संयुक्त प्रयास से कला, संगीत एवं विद्या की जननी माता सरस्वती का प्रकटोत्सव मनाया गया। अग्रसेन योगासन शाखा द्वारा अपनी नित्य दिनचर्या आसन, प्राणायाम, ध्यान योग एवं ध्वज प्रणाम के बाद मुख्य अतिथि बद्री विशाल गुप्ता एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष सनद कुमार कंसारी द्वारा वीणा वादिनी मां सरस्वती, डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार एवं गुरुजी सदाशिव गोलवलकर के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बद्री विशाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता सरस्वती आज ही के दिन प्रकट हुई हैं। बसंत पंचमी को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इसके आगमन से समस्त प्राणियों में नवचेतना प्राप्त होती है। सनद कुमार कंसारी ने कहा कि वाग्वादिनी मां सरस्वती के मुख से ब्रह्मांड का पहला शब्द 'ॐ' निकला, जिससे प्रकृति की समस्त चीजों में स्वर उत्पन्न हुआ। नदियां कलरव करने लगीं, पक्षी चहचहाने लगे, हवा सरसराने लगी, मानव ने अपने संवाद एक-दूसरे तक पहुंचाए। जो सृष्टि नीरस थी, वह अब सरस एवं रसमय हो गई। दीपक साहेब गुरुगोस्वामी ने कहा कि माता सरस्वती के चार भुजाओं में चार वस्तुएं हैं। पहली भुजा में वीणा — वीणा कला एवं संगीत का प्रतीक है। कला एवं संगीत उदास व्यक्ति को भी प्रसन्न कर देती है। दूसरी भुजा में पुस्तक — पुस्तक ज्ञान एवं विद्या का प्रतीक है। जीवन में शिक्षा से बढ़कर दूसरा कुछ नहीं है। ज्ञान सुखमय जीवन के लिए प्रेरित करता है, अज्ञानता के कारण व्यक्ति दुखी होता है। तीसरी भुजा में माला माला ध्यान एवं एकाग्रता का प्रतीक है। ध्यान से जीवन में शुद्धता एवं शांति आती है, मन विकारों की ओर नहीं जाता। चौथी भुजा में कमल पुष्प यह पवित्रता का प्रतीक है। कमल कीचड़ में उत्पन्न होकर भी जल से निर्लिप्त रहता है। हम मानव को भी माया में रहकर माया से अलग रहने का प्रयास करना चाहिए। शंकर पाल ने कहा कि हम लोगों को भी संसार की अच्छी चीजों को ग्रहण करना चाहिए। माता सरस्वती की सवारी हंस है। हंस दूध और पानी में से दूध को ग्रहण करता है, पानी को नहीं। इसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में सार-सार को अपनाना चाहिए, जिससे जीवन सरस, आनंदमय, शांतिमय एवं प्रेममय हो।

### बसंत पंचमी पर छात्रों की माता सरस्वती की वंदना

आरंग। स्थानीय राधाकृष्ण विद्यामंदिर में बसंत पंचमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीतू शुक्ला एवं श्वेता दीवान की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, समूह नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जिसमें विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। इशिका सोनी ने श्री दुर्गा स्तुति, अता, तारणी लोधी, सती लोधी ने "शिव तांडव" जैसे गीतों पर प्रस्तुति दी।

# ज्ञान का परिचय ही नम्रता है : पं. युवराज पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




पुराना धमतरी रोड पर स्थित ग्राम खिलोरा में चल रहे शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास पं. युवराज पाण्डेय ने अत्यंत भावपूर्ण प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति और ज्ञान का गूढ़ संदेश दिया। कथा में वर्णन किया गया कि कुम्भज ऋषि के आश्रम में भगवान शिव और माता सती स्वयं कथा श्रवण के लिए पधारे। इस अवसर पर शिव तांडव का दिव्य प्रसंग भी प्रस्तुत हुआ, जिसे सुनकर पूरा पंडाल शिवमय हो उठा। पं. पाण्डेय ने कहा कि भोलेबाबा आदि वक्ता हैं, संसार के प्रथम वक्ता स्वयं महादेव हैं। जब भी भगवान की कथा या सत्संग सुनने जाएं, तो अपने ज्ञान की झोली कथा स्थल के बाहर छोड़कर आएं। श्रोता समाज जब स्वयं को रिक्त भाव से प्रस्तुत करता है, तभी वह कथा से वास्तविक ज्ञान और अनुभूति प्राप्त कर पाता है। उन्होंने बताया कि महादेव ही ज्ञान के जन्मदाता हैं और रामकथा के भी अग्र प्रणेता हैं। रामकथा स्वयं महादेव के हृदय पटल से प्रकट हुई है। जो स्वयं ज्ञान का समुद्र हैं, वही घड़े के पास बैठकर कथा सुनने जाते हैं यही सच्चे ज्ञान की पहचान है। कथा के दौरान पं. पाण्डेय ने नम्रता का महत्व बताते हुए कहा कि ज्ञान का परिचय ही नम्रता है। जितना बड़ा ज्ञानी, उतना ही सरल, सहज और विनम्र होता है। झुकना इंसान की शान है, जबकि अकड़ मुर्दा की पहचान। जो जितना शांत होता है, वह उतना ही गहरा होता है; और गहराई के साथ कभी मजाक नहीं करना चाहिए, क्योंकि शांत व्यक्ति में भी बड़ा तूफान उठाने की क्षमता होती है। उन्होंने यह भी कहा कि कथा सुनने का वास्तविक भाव मंच पर नहीं, बल्कि नीचे बैठकर आता है। रामकथा साधारण कथा नहीं है, बल्कि वह साक्षात कालिका है, जो जीवन को दिशा और दशा दोनों प्रदान करती है।

## निधन

### गयाबती साहू



**आरंग।** आरंग श्याम बाजार निवासी गयाबती साहू (92) का देहांत शुक्रवार को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में समाजिक जन व नगरवासी शामिल हुए। वे चंद्रशेखर साहू, मनोज साहू, छगन साहू, हरीश साहू की माता व बंटी साहू, अरुण साहू, पुष्कर साहू, मेम साहू, तरुण साहू, सुनील साहू, अनिल साहू की दादी माँ थी।

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत, साथी बाल-बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

तेज रफ्तार हाइवा ने गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात एक घर का चिराग बुझा दिया। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकारी के पास सड़क पर हुए दर्दनाक हादसे में मोटरसाइकिल चालक अनिकेत उर्फ मंगल पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी तोरन साहू बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टेकारी निवासी अनिकेत उर्फ मंगल पटेल अपने साथी तोरन साहू के साथ मोटरसाइकिल (क्र. सीजी 04 पीपी 0709) से टेकारी से मंदिर हसौद की ओर जा रहा था। करीब रात 8 बजे चंदखुरी फार्म स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा (क्र.सीजी 04 क्यूक्यू 5540) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल चला रहे अनिकेत हाइवा के चक्के की चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई, वहीं पीछे बैठे तोरन साहू उछलकर दूर जा गिरे, जिससे उन्हें अंदरूनी चोटें आईं। हादसे के बाद भी हाइवा चालक नहीं रुका। वह मोटरसाइकिल को हाइवा में फंसी



अवस्था में करीब 11 किलोमीटर तक घसीटते हुए भागता रहा। मृतक के ही गांव टेकारी स्थित दर्री तालाब के पास निर्माणाधीन आईटीआई छात्रावास के सामने बनाए गए अस्थायी ब्रेकर पर हाइवा के उछलने से मोटरसाइकिल छिटककर गिर गई, जिसमें आग लग गई। इसके बावजूद हाइवा चालक नहीं रुका और खम्हरिया-नारा सड़क मार्ग की ओर फरार हो गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हाइवा के भागने के रास्ते की सूचना मिलने पर ग्राम संकरी व कठिया के कुछ युवकों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार के चलते वे सफल नहीं हो सके।

## पेज 11 के शेष...

### नौकरी पाने पेट्रोल...

संचालनालय की होगी। उग्र धरना-प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनातगी की गई थी। परिवहन भी इसके कारण बाधित रहा। गौरतलब है कि सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधित अपनी मांगों को लेकर अभ्यर्थी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं।

### 21 थानों को कंट्रोल ...

ग्रहण करने के बाद हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराध नियंत्रण कर सामंजस्य स्थापित करना है। पुलिस आयुक्त ने बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिबंधित मादक पदार्थ के तस्करी चैनल को तोड़ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। रायपुर ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा ने ग्रामीण क्षेत्र में अपराध नियंत्रण करने पुलिसिंग को मजबूत करने के साथ ही अपराध नियंत्रण करने ग्रामीण क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को मजबूत करने की बात कही।

### अफसरों की संख्या...

सहित कुल छह अफसर होते थे। इसके साथ ही नौ डीएसपी स्तर के अधिकारी जिनमें ट्रैफिक के साथ एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के सीएसपी होते थे, पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद आईपीएस के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों की संख्या दोगुनी हो गई है।

### अलग कोर्ट की...

सुनवाई पूर्व की तरह जिला दंडाधिकारी के कोर्ट में होगी। जानकारों के अनुसार जिन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जाती है, उन्हें पुलिस कमिश्नरेट के अधिकरी अपनी शक्ति का उपयोग करते हुए जेल भेज सकते हैं।

### शुरू हुई सीटी ...

एवं पल्मोनरी एंजियोग्राफी जांच की जा रही है, जो नॉन इंवेसिव पद्धति पर आधारित है। आंबेडकर अस्पताल का रेडियोडायग्नोसिस विभाग सबसे महत्वपूर्ण है। अस्पताल आने वाले किसी भी मरीज का इलाज इसी विभाग में होने वाली जांच पर निर्भर होता है। पिछले छह माह से यहां जरूरी उपकरण के खराब होने की वजह जांच पूरी नहीं हो रही थी। मरीजों को इस जांच के लिए निजी अस्पतालों तक जाना पड़ रहा था। अस्पताल प्रबंधन की काफी कोशिश के बाद मशीन सुधरी और मरीजों को राहत मिली। रेडियोडायग्नोसिस विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफी के माध्यम से हृदय की कोरोनरी धमनियों में होने वाले संकुचन एवं ब्लॉकेज का उच्च गुणवत्ता की विस्तृत थ्री डी इमेजिंग के साथ आकलन किया जाता है। वहीं ब्रेन एंजियोग्राफी से मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं से जुड़ी बीमारियों जैसे स्ट्रोक, एन्यूरिज्म एवं धमनी-शिरापरक विकृति (एवीएम) की सटीक जांच संभव हो पाती है। इस जांच में अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे मरीज जांच के बाद सामान्य दिनचर्या में शीघ्र लौट सकता है। आंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि इस सुविधा के प्रारंभ होने से हृदय, मस्तिष्क, पेट, हाथ-पैर एवं फेफड़ों से संबंधित गंभीर रोगों के शीघ्र, सटीक एवं विश्वसनीय निदान में मदद मिल रही है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले मरीजों एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों के लिए सभी जांचें निःशुल्क हैं। वहीं एपीएल श्रेणी के मरीजों के लिए ओपीडी में सीटी स्कैन 1000 एवं एमआरआई 2000 की दर से उपलब्ध है, जबकि भर्ती एपीएल मरीजों को ये जांच सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

### सुदृढ़ीकरण का ठोस...

चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दिशा में अस्पतालों के उन्नयन, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती और दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

### आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाके मौजा ग्राम-डोमा, प.ह.नं.-00084, रा.नि.मं.-रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं.213/42, रकबा 0.1380 हे. अर्थात उक्त भूमि को मेरा पक्षकार श्री अंजय शुक्ला, पिता स्व. विजय शंकर शुक्ला, निवासी-सिविल लाईस, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता खिरोद चन्द्र मल्लिक, पिता आदित्य चन्द्र, ने उपयुक्त वर्णित भूमि/मकान को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम राशि अदा कर दी है। अब मात्र बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्र) की कार्यवाही शेष है।

उपरोक्त वर्णित सव्यवहार या उनके किसी भाग के संबंध में जिस व्यक्ति, संस्था फर्म बैंक, महाजन, बोर्ड पंचायत प्राधिकरण, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय 07 (सात) दिन के भीतर में वैध एवं असल दस्तावेज को प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत दर्ज करावे नियत समय अवधि बीत जाने पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति स्वयमेव शून्य विधि रूप से निष्प्रभावी एवं अवैध समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री) की कार्यवाही कर ली जावेगी। सो सूचना जाने

स्थान : रायपुर छ.ग. **भवदीय** दिनांक :

**अंजिनेश शुक्ला (अधिवक्ता)**
**सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.**
**मोन.-80518-66666**

### न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला - **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न. **00009 पवनी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **RD202526440714400001**

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम पवनी के वर्तमान भूमिस्वामी अमरू वल्द भागीरथी पिता/पति-पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 80/6 (0.4050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कौशिल्या पिता/पति-स्व. अमरू पता-गोंदवारा रायपुर छ.ग., सोहनलाल पिता/पति-स्व. अमरू पता-गोंदवारा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार:-**
**Ashok Kumar Janghel**
**तहसील- धरसीवा**

# मढ़ी में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**सिलयारी।** ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व महिलाओं व बालिकाओं ने सिर पर कलश लेकर बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं पीतांबरी साड़ी धारण कर मंगल कलश सिर पर लेकर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी। इस दौरान महिलाओं ने पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भागवत को अपने सिर पर रखकर गांव भ्रमण किया। इस दौरान तालाब से जल भरकर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। उसके बाद भागवत महापुराण की पूजा-अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की। कलश यात्रा के आगे-आगे मुख्य यजमान अपने सिर पर पोथी लेकर चल रहे थे। इस दौरान सर्वप्रथम मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात गली भ्रमण कर अंत में कथा पंडाल में आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कलश यात्रा के बाद खौना के कथावाचक भागवत मर्मज्ञ पंडित रविकांत दुबे ने व्यास पीठ से श्रोताओं को पहले दिन की कथा का रसपान कराया। कथा व्यास ने वेदी पूजन, गोकर्ण व्याख्यान एवं भागवत की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने व्यास गद्दी से भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत के श्रवण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख-शांति का अनुभव होता है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने मनाई बाला साहेब ठाकरे की जयंती

**रायपुर।** शिवसेना के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शिवसेना के पदाधिकारियों ने बालासाहेब ठाकरे के फोटो पर माल्यार्पण कर नमन किया। यह जानकारी शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मधुकर पांडे, रेशम जांगड़े, संजय नाग, एचएन सिंह पालीवार, कृष्णा यादव, हिमांशु शर्मा, कमलाकर यादव, प्रमोद साहू, ओम जंघेल, विजय नाग, संजू साहू, विक्की निर्मलकर, नरेंद्र प्रजापति, नानू स्वामी, विजेश टांक, अकीब खान, श्रवण साहू, संतन रात्रे, रोहित मार्कण्डेय आदि शामिल थे।

## निधन

### शरद कुमार मिश्रा

**रायपुर।** एलआईसी कॉलोनी मोवा निवासी, एलआईसी से सेवानिवृत्त प्रबंधक शरद कुमार मिश्रा (78) का 23 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजय कुमार मिश्रा और पीसीसी के सचिव पंकज कुमार मिश्रा के पिता थे।



### हरेंद्र कुमार तिवारी

**रायपुर।** सुंदर नगर निवासी हरेंद्र कुमार तिवारी का 23 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे आनंद तिवारी के पिता थे।



# रायपुर में 3, धरसींवा-बिरगांव में 1-1 नए रजिस्ट्री दफ्तर खुलेंगे, इनके लिए ढूंढे जा रहे भवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में प्रॉपर्टी की बढ़ती रजिस्ट्रियों के कारण कलेक्टोरेट स्थित पंजीयन कार्यालय में होने वाली भीड़ कम करने तथा लोगों को सुविधा देने के लिए शहर में 3 नए माडल रजिस्ट्री कार्यालय खोले जाएंगे। इसके अलावा 1 धरसींवा और 1 बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में भी रजिस्ट्री दफ्तर खुलेगा। इस तरह जिले में कुल 5 नए मॉडल रजिस्ट्री कार्यालय खोले जाएंगे। इधर बजट में शामिल किए जाने के बाद इन नए रजिस्ट्री कार्यालयों के लिए जिला पंजीयन विभाग ने भवन तलाशना भी शुरू कर दिया है।

## नए रजिस्ट्री कार्यालय खुलने से लोगों का बचेगा समय

### धरसींवा और बिरगांव वासियों को आना नहीं पड़ेगा शहर

धरसींवा और बिरगांव वासियों को अभी तक रजिस्ट्री कराने के लिए शहर आना पड़ता था, लेकिन इन क्षेत्र में रजिस्ट्री कार्यालय खुलने से लोगों को भारी राहत मिलेगी। इन दोनों क्षेत्रों के लोगों को भी रजिस्ट्री कराने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता था, साथ ही भीड़ होने के कारण रजिस्ट्री कार्यालय में भी कई घंटे बैठना पड़ता था। यही नहीं, दूरी के कारण इन क्षेत्रों के लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए एक-दो घंटे पहले ही रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचना पड़ता था, लेकिन इन क्षेत्र में रजिस्ट्री कार्यालय खुलने से धरसींवा और बिरगांव वासियों को शहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे कई घंटों के समय की बचत होगी।

### सरकारी भवन प्राथमिकता में, नहीं मिले तो किराए के भवन में संचालित होंगे



पंजीयन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नए रजिस्ट्री कार्यालयों के लिए क्षेत्र का चयन कर लिया गया है। इन क्षेत्रों में कार्यालय खोलने के लिए भवनों की तलाश भी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिकता सरकारी भवन की है, लेकिन अगर किसी क्षेत्र में सरकारी भवन खाली नहीं मिला, तो किराए के भवन में रजिस्ट्री कार्यालय संचालित किया जाएगा।

### भवनों की तलाश जारी

जिले में 5 नए रजिस्ट्री कार्यालय खोला जाना प्रस्तावित है। इनमें 3 रायपुर शहर में और 1-1 धरसींवा-बिरगांव में खोले जाने है। कार्यालय खोलने के लिए शासकीय भवनों की तलाश की जा रही है। अगर कहीं नहीं मिला तो किराए के भवन में कार्यालय खोला जाएगा।

*- विनोद कोचे, पंजीयक पंजीयन विभाग रायपुर*

### राजधानी में कमल विहार, सड्डू टाटीबंध में खुलेंगे नए कार्यालय

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में नए मॉडल रजिस्ट्री कार्यालय के लिए कमल विहार, सड्डू और टाटीबंध क्षेत्र को चुना गया है। रायपुर कलेक्टोरेट के पंजीयन कार्यालय से ये तीनों क्षेत्र लगभग 7-8 किलोमीटर की दूरी पर हैं। इन क्षेत्रों को इसलिए चुना गया है कि इन क्षेत्रों के साथ इससे लगे हुए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी रजिस्ट्री कराने के लिए लंबा सफर तय करना नहीं पड़े। अभी तक इन सभी क्षेत्रों के लोग रजिस्ट्री कराने के लिए कलेक्टोरेट रजिस्ट्री कार्यालय ही आना पड़ता है। इन क्षेत्रों में नए रजिस्ट्री कार्यालय खुलने से लोगों का न केवल समय बचेगा, बल्कि भीड़ से भी राहत मिलेगी।

# रेत सहित अन्य खनिज खदानों में अवैध उत्खनन पर लगेगा अंकुश, ड्रोन से की जाएगी दिन-रात निगरानी


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार खनिज सामग्री की खदानों में हो रहे अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार नया प्लान तैयार कर रही है। इस प्लान के तहत दिन हो या फिर रात का समय, ड्रोन कैमरों के माध्यम से रेत, पत्थर सहित अन्य खनिज खदानों पर न केवल नजर रखी जाएगी, बल्कि शिकायत या सूचना मिलने पर संबंधित खदानों का ड्रोन के माध्यम से निरीक्षण भी किया जाएगा। इस कार्य के लिए छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम (सीएमडीसी) द्वारा भारत सरकार की डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) के माध्यम से एजेंसियों से अनुबंध भी किया जाएगा। ये एजेंसियां ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से खदानों का निरीक्षण करेंगी और कहीं भी अवैध उत्खनन पाए जाने पर इसकी तत्काल सूचना कंट्रोल रूम में देंगी। इधर सूचना मिलते ही खनिज विभाग भी तत्काल एक टीम को एक्टिव करेगा, जो दूरी के अनुसार कम से कम समय में मौके पर पहुंचकर खदान में चल रहे अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई करेगी।

- **सूचना-शिकायत मिलते ही विभाग से संबंधित टीम मौके पर पहुंचकर करेगी कार्रवाई**

### ड्रोन के लिए डीजीसीए के अंतर्गत संचालित एजेंसियों से किया जाएगा अनुबंध

खनिज खदानों पर नजर रखने एवं निरीक्षण के लिए छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम (सीएमडीसी) द्वारा डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) अंतर्गत संचालित एजेंसियों से ही अनुबंध किया जाएगा। इसके लिए सीएमडीसी आगामी 10 से 15 दिनों के भीतर निविदा भी जारी करेगा। सूत्रों के अनुसार इस निविदा के तहत शुरुआत में प्रदेश में खनिज खदानों पर नजर रखने के लिए कितने ड्रोन की जरूरत पड़ेगी, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। हालांकि सूत्र की मानें, तो शुरुआत में ऐसे जिलों में इनका इस्तेमाल किया जाएगा, जहां सबसे ज्यादा रेत एवं पत्थर की खदानें हैं।



### नई योजना लाई जा रही

रेत, पत्थर सहित अन्य खदानों पर अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए नई योजना लाई जा रही है। ड्रोन कैमरों के माध्यम खदानों पर निगरानी रखी जाएगी। इससे अवैध उत्खनन और कराने वालों पर कार्रवाई भी होगी। ड्रोन कैमरों से खदानों पर नजर रखने के लिए डीजीसीए के अधीन संचालित एजेंसियों से अनुबंध किया जाएगा।

*- रजत बंसल, संचालक, भूतत्व एवं खनिकर्म*

### नवा रायपुर में बनेगा कंट्रोल रूम सूचना मिलते ही एक्टिव होगी टीम

सूत्रों की मानें, तो ड्रोन के जरिए किसी भी खदान में अवैध उत्खनन होता पाया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल पहले कंट्रोल रूम में मिलेगी। नवा रायपुर में ड्रोन कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। यह कंट्रोल रूम सीएमडीसी एवं खनिज विभाग के अधीन होगा, जिसमें कम्प्यूटर सिस्टम सहित पूरा सेटअप होगा। इस कंट्रोल रूम में ड्रोन से मिलने वाले लाइव लोकेशन एवं फूटेज की कुछ पलों में जानकारी मिल जाएगी। इसके आधार पर विभाग तत्काल एक्शन लेकर कार्रवाई करेगा।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में रेत, पत्थर, फर्शी, मुरुम आदि खदानों में खनिज और पर्यावरण विभाग की स्वीकृति के बिना अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। अवैध उत्खनन का कार्य दिन की तुलना में रात में ज्यादा हो रहा है। इसकी लगातार शिकायतें भी विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक पहुंचती रहती हैं। इनमें से कई शिकायतों पर कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन ज्यादातर प्रकरणों में मशीनें और गाड़ियां ही पकड़ी जाती हैं, जबकि उत्खनन करने वाले टीम के पहुंचने से पहले फरार हो जाते हैं। इस कारण उनकी न ही गिरफ्तारी हो पाती है और न ही कार्रवाई। इसका फायदा लगातार माफिया उठाते हैं, जो खदानों में कार्रवाई के कुछ हफ्तों बाद फिर सक्रिय होकर अवैध खनन कराना शुरू करा देते हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए अब खनिज विभाग ड्रोन कैमरों से खदानों पर नजर रखने के साथ शिकायत या सूचना पर खदानों का निरीक्षण कर अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई करने की नई योजना लेकर आया है।

# चेट्रीचंड्र पर्व को लेकर बैठक, 13 मार्च को निकलेगी बाइक रैली



**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व को लेकर सिंधी समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समाज की बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में शुक्रवार को समाज की बैठक निजी भवन में हुई, जिसमें 20 मार्च को चेट्रीचंड्र पर्व मनाया जाना है।

लगभग 15 दिन पूर्व से विभिन्न आयोजन शुरू हो जाएंगे। इसी कड़ी में जय झूलेलाल महोत्सव समिति द्वारा सबसे पहले 13 मार्च को वाहन रैली निकालकर आतिशबाजी की जाएगी। साथ ही गंगा आरती की तर्ज पर दरियाशाह की महाआरती की जाएगी। इस कार्यक्रम में संतजनों और सभी पूज्य पंचायतों को भी आमंत्रण दिया जाएगा। समिति के संस्थापक प्रशांत राज गावरी व आदर्श कलवानी ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्य जुटे हुए हैं। बैठक में राजकुमार पंजवानी, योगेश घिंडवानी, संतोष सचदेव, महेश बृजवानी, हेमंत बुधवानी, हर्षित लेखवानी, धनराज डोडवानी, भावेश लालवानी, मुरली शादीजा, पीयूष मध्यानी, प्रियांशु रत्नानी, सुजल कारवानी, अभिषेक पृथ्वानी, रवि पंजवानी, आयुष माधवानी आदि सदस्य शामिल हुए

### आशीर्वाद भवन में रजत जयंती समारोह कल

रायपुर। शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर रजत जयंती समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेश के शुक्ल समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास परिषद के संरक्षक अमितेश शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन में परिषद के पदाधिकारी कर रहे हैं। परिषद के महामंत्री रामअवतार देवांगन एवं कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने बताया कि संघर्ष परिषद के रजत जयंती समारोह के मुख्य आतिथ्य विस नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री व संरक्षक अमितेश शुक्ल, पूर्व मंत्री विधान मिश्रा, पूर्व विधायक अनिता-योगेंद्र शर्मा होंगे।

## बिजनेस साइट

### जीके इलेक्ट्रिक के 4 हजार खुशहाल कस्टमर, सीएम साय ने की सराहना

**रायपुर।** लास्ट माइल ट्रांसपोर्ट के लिए इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली जीके इलेक्ट्रिक ने 4 हजार खुशहाल कस्टमर का आंकड़ा पार कर लिया है। मेड इन छत्तीसगढ़ के जरिए स्वरोजगार और स्वावलंबन को बढ़ावा देने वाली जीके ग्रुप की पहल की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने सराहना की है। रायपुर में आयोजित राडा ऑटो एक्सपो-2026 के उद्घाटन अवसर पर तीनों मंत्री जीके इलेक्ट्रिक के स्टॉल पर पहुंचे और पैसेंजर व गुड्स इलेक्ट्रिक वाहनों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीके ग्रुप स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देकर राज्य के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जीके ग्रुप के डायरेक्टर पुनीत पारवानी ने बताया कि वर्ष 2023 से इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण शुरू हुआ है। ग्रुप अब तक 4 हजार वाहनों की बिक्री कर चुका है, जिनसे हजारों लोगों को रोजगार और आत्मनिर्भरता का अवसर मिला है।



### मैट्स विश्वविद्यालय में ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा एआईसीटीई–ट्रेनिंग एंड लर्निंग अकादमी के प्रायोजन में 'स्मार्ट मोबिलिटी और इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट: मानवरहित वाहनों के नवाचार एवं अनुप्रयोग' विषय पर छह दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 19 से 24 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. (डॉ.) बृजेश पटेल, डीन (आरएंडडी), प्राचार्य–एमएसईआईटी एवं एफडीपी समन्वयक के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने स्मार्ट सिटी और बुद्धिमान परिवहन प्रणालियों में एफडीपी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव ने स्मार्ट मोबिलिटी समाधानों के महत्व को रेखांकित करते हुए शोधोन्मुख शिक्षण पर बल दिया। प्रथम टेक्निकल सेशन में प्रो. डॉ. भूमेश्वर के. पाटले ने स्मार्ट सिटी मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर में मानवरहित सिस्टम्स पर व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में प्रो. (डॉ.) बृजेश पटेल ने स्मार्ट ट्रांसपोर्ट में रोबोट्स, यूएवी एवं आईओटी के इंटीग्रेशन पर प्रस्तुति दी।





### रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल की सेवा पहल

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल की ओर से स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल फाफाडीह रायपुर को एक उपयोगी मंच प्रदान किया गया। यह पहल क्लब के सक्रिय सदस्य रोटेरियन रमेश पटेल के सौजन्य एवं सहयोग से संभव हो सकी। इस मंच का विधिवत उद्घाटन विधायक पुरंदर मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल के अध्यक्ष डॉ. नवीन बागरेचा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. बागरेचा ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल एक अग्रणी सामाजिक सेवा संस्था है, जिसने अब तक लगभग 20 करोड़ रुपए के सेवा कार्य किए हैं। इनमें सत्य साईं हॉस्पिटल में कैथ लैब निर्माण, 250 बच्चों की हृदय शल्य चिकित्सा, 1000 निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा सुयश हॉस्पिटल को 2 कार्डियक एम्बुलेंस प्रदान करना शामिल है। कार्यक्रम के पश्चात सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर के सहयोग से विद्यालय के लगभग 500 विद्यार्थियों को सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया।



### रायपुर में हाय लाइफ एग्जिबिशन 27–28 जनवरी को

**रायपुर।** भारत की सबसे बड़ी फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 'हाय लाइफ एग्जिबिशन' रायपुर में 27 और 28 जनवरी को आयोजित होने जा रही है। यह भव्य आयोजन होटल सायाजी में सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। हाय लाइफ एग्जिबिशन देशभर के फैशन प्रेमियों के लिए एक खास मंच लेकर आ रहा है, जहां 100 से अधिक चुनिंदा और प्रतिष्ठित डिजाइनर्स अपने नवीनतम कलेक्शन प्रस्तुत करेंगे। इस प्रदर्शनी में डिजाइनर फैशन, फाइन ज्वेलरी, स्टाइलिश डेकोर और प्रीमियम लग्जरी ब्रांड्स की शानदार झलक देखने को मिलेगी।



### 50% टैक्स छूट से राडा ऑटो एक्सपो में रिकॉर्ड बिक्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आरटीओ टैक्स में दी जा रही 50 प्रतिशत की छूट का असर राडा ऑटो एक्सपो-2026 में साफ दिखाई दे रहा है। श्रीराम बिजनेस पार्क रायपुर में आयोजित इस एक्सपो में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। टैक्स में आधी कटौती के साथ डीलर्स व कंपनियों द्वारा दिए जा रहे विशेष डिस्काउंट ने खरीदारों को आकर्षित किया है। चार दिनों में एक्सपो में करीब 7500 वाहनों की बिक्री दर्ज की गई है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। हर स्टॉल पर ग्राहकों की लगातार मौजूदगी बनी हुई है, जिससे बिक्री का आंकड़ा रोज नए कीर्तिमान छू रहा है। शुक्रवार को एक्सपो में मारुति सुजुकी की प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा लॉन्च की गई, जो एक बार चार्ज में 500 किमी से अधिक की रेंज देती है। राडा पदाधिकारियों के अनुसार एक्सपो में वाहन, फाइनेंस, बीमा और मनोरंजन की सभी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहकों को बड़ा लाभ मिल रहा है।





### आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाके मौजा ग्राम-डोमा, प.ह.नं.-00084, रा.नि.मं.-रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं.213/42, रकबा 0.1380 हे. अर्थात उक्त भूमि को मेरा पक्षकार श्री अंजय शुक्ला, पिता स्व. विजय शंकर शुक्ला, निवासी-सिविल लाईस, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता खिरोद चन्द्र मल्लिक, पिता आदित्य चन्द्र, ने उपयुक्त वर्णित भूमि/मकान को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम राशि अदा कर दी है। अब मात्र बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्र) की कार्यवाही शेष है।

उपरोक्त वर्णित सव्यवहार या उनके किसी भाग के संबंध में जिस व्यक्ति, संस्था फर्म बैंक, महाजन, बोर्ड पंचायत प्राधिकरण, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय 07 (सात) दिन के भीतर में वैध एवं असल दस्तावेज को प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत दर्ज करावे नियत समय अवधि बीत जाने पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति स्वयमेव शून्य विधि रूप से निष्प्रभावी एवं अवैध समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री) की कार्यवाही कर ली जावेगी। सो सूचना जाने

स्थान : रायपुर छ.ग. **भवदीय** दिनांक :

**अंजिनेश शुक्ला (अधिवक्ता)**
**सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.**
**मोन.-80518-66666**

### न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला - **रायपुर** तहसील- **धरसीवा** प.ह.न. **00009 पवनी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **RD202526440714400001**

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम पवनी के वर्तमान भूमिस्वामी अमरू वल्द भागीरथी पिता/पति-पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 80/6 (0.4050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कौशिल्या पिता/पति-स्व. अमरू पता-गोंदवारा रायपुर छ.ग., सोहनलाल पिता/पति-स्व. अमरू पता-गोंदवारा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.01.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार:-**
**Ashok Kumar Janghel**
**तहसील- धरसीवा**

# कुत्तों का आतंक, बुजुर्ग को काटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



राजधानी रायपुर के कई वार्डों में लोग लगातार आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं। कई इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक इतना ज्यादा है कि लोग अब घर से बाहर निकलने में भी डरने लगे हैं। दिन हो या रात, आवारा कुत्ते कभी भी बच्चों, युवा से लेकर बुजुर्गों पर भी हमला कर उन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। कुछ वार्ड में तो आवारा कुत्तों के पागल होने की भी खबर है, जो अचानक लोगों पर हमला कर रहे हैं। एक ऐसा ही ताजा मामला शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक-60 अंतर्गत अयोध्या नगर का सामने आया है, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति जो अपने घर के बाहर कुर्सी में बैठकर अखबार पढ़ रहा था, को एक कुत्ते ने आकर बुरी तरह से काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद से घायल बुजुर्ग का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के सबंध में जानकारी मिली है कि अयोध्या नगर निवासी सखाराम वर्मा (70) गुरुवार को सुबह करीब 9 बजे अपने घर के दरवाजे के सामने कुर्सी पर बैठकर अखबार पढ़ रहे थे। इसी दौरान एक कुत्ता उसके पास पहुंचा और उस पर हमला करते हुए काटना शुरू कर दिया। सखाराम ने इस दौरान बचने एवं खुद से छुड़ाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन कुत्ता लगातार बुजुर्ग को काटता रहा। इधर बुजुर्ग के चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोग वहां पहुंचे और कुत्ते को वहां से भगाया। हालंकि इस घटना में कुत्ते ने सखाराम के एक हाथ में तीन से चार जगह तथा पैर के घुटने के नीचे भी काटा है।

***पार्षद से शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं :*** कुत्तों के काटने की लगातार घटनाएं होने के बाद भी इस क्षेत्र के पार्षद रमेश सपहा द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं कराई गई है। घायल बच्चे और बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों सहित मोहल्लेवासी कुत्तों द्वारा लगातार हमला किए जाने की जानकारी वार्ड पार्षद को दे चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा अब तक इस समस्या का निराकरण करने कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### घटना के एक दिन पहले बच्ची को बुरी तरह काटा

बुजुर्ग व्यक्ति पर कुत्ते के हमला की घटना के एक दिन पहले ही इस वार्ड अंतर्गत सिमरन सिटी फेस-2 में एक कुत्ते ने 5-6 साल के एक बालक को काटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। बच्चा यहां रहने वाले देंवेंद्र यादव का लड़का है, जो अपने घर से थोड़ी दूर पर ही खेल रहा था। इसी दौरान एक कुत्ता ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से बच्चा सड़क पर गिर गया। इसके बाद कुत्ता लगातार उसे काटता रहा। किसी तरह बच्चा खुद को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाने में कामयाब रहा। बताया गया कि कुत्ते के काटने से बच्चे के हाथ-पैर और पेट के पास करीब 8 से 10 जगह जख्म आए हैं। बच्चे के परिजन भी उसका अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### नौकरी पाने पेट्रोल छिड़ककर ...

संचालनालय की होगी। उग्र धरना-प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनातगी की गई थी। परिवहन भी इसके कारण बाधित रहा। गौरतलब है कि सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधित अपनी मांगों को लेकर अभ्यर्थी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं।

### 21 थानों को कंट्रोल करेंगे ...

ग्रहण करने के बाद हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराध नियंत्रण कर सामंजस्य स्थापित करना है। पुलिस आयुक्त ने बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने प्रतिबंधित मादक पदार्थ के तस्करी चैनल को तोड़ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। रायपुर ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा ने ग्रामीण क्षेत्र में अपराध नियंत्रण करने पुलिसिंग को मजबूत करने के साथ ही अपराध नियंत्रण करने ग्रामीण क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को मजबूत करने की बात कही।

### अफसरों की संख्या...

सहित कुल छह अफसर होते थे। इसके साथ ही नौ डीएसपी स्तर के अधिकारी जिनमें ट्रैफिक के साथ एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के सीएसपी होते थे, पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद आईपीएस के साथ राजपत्रित पुलिस अफसरों की संख्या दोगुनी हो गई है।

### अलग कोर्ट की...

सुनवाई पूर्व की तरह जिला दंडाधिकारी के कोर्ट में होगी। जानकारों के अनुसार जिन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जाती है, उन्हें पुलिस कमिश्नरेट के अधिकरी अपनी शक्ति का उपयोग करते हुए जेल भेज सकते हैं।

### शुरू हुई सीटी एंजियोग्राफी ...

एवं पल्मोनरी एंजियोग्राफी जांच की जा रही है, जो नॉन इंवेसिव पद्धति पर आधारित है। आंबेडकर अस्पताल का रेडियोडायग्नोसिस विभाग सबसे महत्वपूर्ण है। अस्पताल आने वाले किसी भी मरीज का इलाज इसी विभाग में होने वाली जांच पर निर्भर होता है। पिछले छह माह से यहां जरूरी उपकरण के खराब होने की वजह जांच पूरी नहीं हो रही थी। मरीजों को इस जांच के लिए निजी अस्पतालों तक जाना पड़ रहा था। अस्पताल प्रबंधन की काफी कोशिश के बाद मशीन सुधरी और मरीजों को राहत मिली। रेडियोडायग्नोसिस विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफी के माध्यम से हृदय की कोरोनरी धमनियों में होने वाले संकुचन एवं ब्लॉकेज का उच्च गुणवत्ता की विस्तृत थ्री डी इमेजिंग के साथ आकलन किया जाता है। वहीं ब्रेन एंजियोग्राफी से मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं से जुड़ी बीमारियों जैसे स्ट्रोक, एन्यूरिज्म एवं धमनी-शिरापरक विकृति (एवीएम) की सटीक जांच संभव हो पाती है। इस जांच में अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे मरीज जांच के बाद सामान्य दिनचर्या में शीघ्र लौट सकता है। आंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि इस सुविधा के प्रारंभ होने से हृदय, मस्तिष्क, पेट, हाथ-पैर एवं फेफड़ों से संबंधित गंभीर रोगों के शीघ्र, सटीक एवं विश्वसनीय निदान में मदद मिल रही है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले मरीजों एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों के लिए सभी जांचें निःशुल्क हैं। वहीं एपीएल श्रेणी के मरीजों के लिए ओपीडी में सीटी स्कैन 1000 एवं एमआरआई 2000 की दर से उपलब्ध है, जबकि भर्ती एपीएल मरीजों को ये जांच सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

### सुदृढ़ीकरण का ठोस...

चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दिशा में अस्पतालों के उन्नयन, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती और दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अटारी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम, आदर्श महाविद्यालय अटारी में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उदघाटन संस्था के प्राचार्य द्वारा गोला फेंक कर किया गया। यह जानकारी महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी प्रकाश चंद चंद्रवंशी ने देते हुए बताया कि गुरुवार को एथलेटिक्स एवं टेबल टेनिस का मैच खेला गया, जिसमें टेबल टेनिस में जयदेव जाधव ने प्रथम एवं शिवम पांडे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 23 जनवरी को वॉलीबाल एवं क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें वॉलीबाल में बीकॉम संकाय ने प्रथम एवं बीसीए संकाय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद क्रिकेट का फाइनल मैच बीकॉम एवं बीसीए संकाय के बीच खेला गया, जिसमें बीसीए संकाय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं बीकॉम संकाय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### गणतंत्र दिवस पर सैनिकों के सम्मान में निशुल्क भोजन व्यवस्था

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर माता कौशल्या विहार, वेंकटेश हॉस्पिटल के सामने, साहू कॉम्प्लेक्स शॉप नंबर 4, हमर चौपाल, शुद्ध शाकाहारी नाश्ता एवं भोजनालय संचालक योगिता संजय साहू द्वारा देश की सेवा में समर्पित भूतपूर्व सैनिकों, वर्तमान सैनिकों एवं नगर सैनिकों के सम्मान में विशेष पहल की गई है। श्रीमति साहू के अनुसार, 26 जनवरी को उनके प्रतिष्ठान में सभी भूतपूर्व सैनिक, वर्तमान सैनिक एवं नगर सैनिकों को चाय, नाश्ता एवं भोजन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

# कंसल्टेंट एजेंसी पर जुर्माना का खामियाजा भुगत रहे शराब दुकान कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब दुकान में गैर चर्चित ब्रांड की शराब की बिक्री नहीं कर पाने पर आबकारी मुख्यालय ने वीआईएस कंसल्टेंसी एजेंसी के खिलाफ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी जुर्माना राशि शराब दुकान में काम करने वाले सुपरवाइजर से लेकर सेल्समैन की सैलेरी से काटकर नुकसान की भरपाई कर रही। शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों से बात करने पर बताया कि कंपनी ने उन्हें नुकसान की भरपाई करने नवंबर से लेकर दिसंबर तक सैलेरी में कटौती करने की चेतावनी दी है। साथ ही जो सैलेरी नहीं कटवाना चाहते, उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी है।

आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार संबंधित कंसल्टेंसी एजेंसी को जितनी मात्रा में शराब बिक्री करने लक्ष्य दिया गया था, उस लक्ष्य के अनुसार संबंधित एजेंसी शराब बिक्री नहीं कर पाई। इसके चलते कंपनी के खिलाफ 80 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। अलग-अलग शराब दुकान के कर्मियों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि ग्राहकों की मांग के अनुरूप ब्रांड भेजने की वे डिमांड करते हैं। इसके विपरीत उन्हें उन ब्रांड की शराब आपूर्ति करने के बजाय ऐसे ब्रांड जिसे लोग जानते तक नहीं, उस ब्रांड की शराब आपूर्ति करते हैं। इसके चलते दुकान में शराब की बिक्री कम हो रही है।

### जुर्माना से ज्यादा राशि सेल्समैन की सैलेरी से काटे



■ शराब दुकान के सुपरवाइजर से लेकर सेल्समैन का हर महीने मार्च तक कटेगा पैसा

### नुकसान की भरपाई कर्मचारियों से क्यों

*शराब दुकान के सेल्समैन तथा सुपरवाइजर के अनुसार दुकान में कोई शराब लेने आता है, मनपसंद ब्रांड नहीं मिलने पर ग्राहक लौटता है, तो इसमें उनकी क्या गलती है। एक शराब दुकान के सुपरवाइजर के अनुसार उनकी दुकान में ग्राहक जिस ब्रांड की शराब की मांग करते हैं, उनकी वे सूची तैयार करते हैं। इसके बाद वे उस सूची के अनुसार कंसल्टेंट एजेंसी को उस ब्रांड की शराब आपूर्ति करने मांग करते हैं। शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों के अनुसार उनके द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार 25 प्रतिशत ब्रांड की शराब आपूर्ति उन्हें की जाती है।*

### जुर्माना से ज्यादा रकम की हो चुकी वसूली

जिले में 77 अंग्रेजी शराब दुकान संचालित हैं। इस हिसाब के हर शराब दुकान में एक सुपरवाइजर के हिसाब से 77 सुपरवाइजर हुए। सेल्समैन की संख्या पांच से छह है। इस तरह से सेल्समैन की संख्या साढ़े चार सौ से ज्यादा हुई। बताया जा रहा है, नवंबर में शराब आपूर्ति करने वाली कंसल्टेंट कंपनी ने अपने कर्मचारियों के 40 लाख रुपए से ज्यादा के वेतन में कटौती की है। इसके साथ ही दिसंबर में 41 लाख रुपए से ज्यादा की वेतन में कटौती की है। सेल्समैन की सैलेरी 25 तथा सुपरवाइजर की सैलरी 36 हजार रुपए है।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की

# साव बोले- नालंदा परिसर फेस-2 में आने वाले विद्यार्थियों को माता सरस्वती की मिलेगी कृपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के एनआईटी के सामने चौपाटी के स्थान पर प्रस्तावित नालंदा फेस-2 परिसर का निर्माण कार्य के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### साय सरकार सदैव जनहित में कार्य करती है, इसका उदाहरण नालंदा फेस-2

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने सभी नागरिकों को बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस का उनकी जयंती पर सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि नालंदा फेस 2 परिसर में आने वाले सभी विद्यार्थियो को माता सरस्वती की कृपा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि साय सरकार लगातार अद्भुत विकास कार्य राज्य में कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन नागरिको को मकान मिल रहे हैं। महतारी वंदन योजना में बहनों को नियमित मासिक राशि मिल रही है। रायपुर सहित पूरे प्रदेश में तेजी से विकास हो रहे हैं। उन्होंने कहा नालंदा फेस 2 परिसर इस बात का शानदार उदाहरण है कि साय सरकार सदैव जनहित में कार्य करती है।



### एजूकेशन हब में शिक्षा का संकल्प पूरा करेंगे: राजेश मूणत

पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि एजूकेशन हब में शिक्षा का विकास करने का संकल्प पूरा करेंगे। यहां चारों ओर शिक्षण संस्थाएं है वैसे स्थान पर पूर्ववर्ती सरकार के समय खाने-पीने की दुकानें लगा दी गई थी। पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल घोषणाएं की काम कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के विगत 5 वर्ष के कार्यकाल में विकास का सिलसिला पूरी तरह थमा रहा, जो अब तेज गति से प्रारंभ हो गया है।

### बसंत पंचमी के दिन ऐतिहासिक सौगात मिली है : केदार कश्यप

इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बसंत पंचमी के शुभ पावन अवसर पर राज्य सरकार की ओर से राजधानीवासियों को ऐतिहासिक शानदार सौगात नालंदा फेस 2 परिसर के भूमिपूजन के रूप में मिली हैं। उन्होंने कहा यह कार्य उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व तथा विधायक राजेश मूणत के सतत प्रयासों से हो रहा है।

### नालंदा फेस2 हमारी व सरकार की नियत का प्रमाण है: मीनल चौबे

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि यह सिद्ध हो गया कि स्वाद पर शिक्षा भारी पड़ी है। उस स्थान का भी विशेष महत्व होता है यहां शहर के हृदय स्थल में चारो ओर शिक्षण संस्थाएं होने से नालंदा फेस 2 परिसर का लाभ अधिकाधिक विद्यार्थियो को मिलेगा एवं उनका जीवन और कैरियर अवश्य संवरेगा।

### ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, रायपुर नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड कमांक 22 की पार्षद मीना ठाकुर, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष, वार्ड पार्षद सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# जातिगत भेदभाव दूर करने उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




■ ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे छात्र, कार्रवाई से संतुष्ट नहीं होने पर विकल्प भी

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ने देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए नए नियम जारी किए हैं। ये नियम देश के सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और डीम्ड यूनिवर्सिटी पर लागू होंगे। आयोग के मुताबिक, इन नियमों का सबसे बड़ा उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों या कर्मचारियों को जाति, वर्ग या समुदाय के आधार पर होने वाले भेदभाव से बचाना है। अपने रेग्युलेशन में यूजीसी ने साफ कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सभी को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। वहां पर किसी को भी नीचा दिखाने या अलग व्यवहार करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के साथ उसकी जाति या जनजाति के कारण गलत व्यवहार किया जाता है तो उसे जातिगत भेदभाव माना जाएगा। फिर वह भेदभाव चाहे खुले तौर पर हो या छुपे तौर पर, दोनों ही स्थितियों में उसे गलत माना जाएगा। यूजीसी ने अपने रेग्युलेशन में साफ किया है कि ये नियम देश के सभी हायर एजूकेशन इंस्टिट्यूटों में लागू होंगे। इसके दायरे में टीचर, नॉन-टीचिंग स्टाफ, स्टूडेंट्स और प्रशासन से जुड़े सभी लोग शामिल किए गए हैं। अपने सर्कुलर ने यूजीसी स्पष्ट किया है कि अब सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में समान अवसर केंद्र बनाना होगा।

### शिकायतों के लिए बनेगी कमेटी

यूजीसी के नए नियमों में कहा गया है कि हर संस्थान को अनिवार्य रूप से एक इक्विटी कमेटी यानी समानता समिति बनानी होगी। इस कमेटी में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, दिव्यांग और महिलाओं का प्रतिनिधित्व रखना होगा। यह कमेटी मिलने वाली शिकायतों की जांच करके अपनी रिपोर्ट संस्थान प्रमुख को सौंपेगी। इसके बाद उस पर फैसला लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही यूजीसी ने यह भी आदेश दिया है कि सभी संस्थानों को अनिवार्य रूप से 24 घंटे चलने वाला हेल्पलाइन नंबर भी जारी करना होगा। जिससे भेदभाव का कोई मामला आने पर वहां शिकायत की जा सके। जो शख्स इस हेल्पलाइन पर कंप्लेंट करेगा, उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मनाई जयंती स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ युवा सेवा संगठन व नगर निगम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्टेशन चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जयस्तंभ चौक पर नेताजी की फोटो पर माल्यार्पण कर की गई। इसी दौरान नगर निगम के स्कूली छात्र-छात्राओं की एक रैली निकाली गई। यह रैली आजाद हिंद फौज के प्रतीक के रूप में एक फ्लैग मार्च होता है। इसकी अगवाई एनसीसी व स्काउट एंड गाइड के छात्र तथा महापुरुषों की विविध वेशभूषा धारण किए छात्र करते हैं। यह फ्लैग मार्च जयस्तंभ से शारदा चौक, एमजी रोड, गुरुनानक चौक, स्टेशन रोड होते हुए रेल्वे स्टेशन के सामने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के समक्ष मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। साथ ही राष्ट्रगान गाकर झण्डे को सलामी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूलों के छात्र-छात्राएं, अध्यापक, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, एमआईसी मेंबर अमर गिदवानी, किशोर आहूजा, दीपक जायसवाल, अवतार सिंह बागल, कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, गिरीश दुबे, जसमीत शर्मा, सोनू मिलिंद, गौतम शर्मा, टाइगर चौहान, सरफराज नवाज, अजय देवांगन, सतीश जंघेल, रुचिर दुबे, तोमेश गायकवाड़, मृत्युंजय शुक्ला, संतोष भुवाल समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व नागरिक उपस्थित थे।

### नेताजी की जयंती पर पूर्व सैनिकों का किया सम्मान



**रायपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर माना कैंप स्थित नेताजी चौक बस स्टैंड परिसर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व सैनिकों को शॉल, श्रीफल और पुष्प देकर सम्मानित किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर और विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर सहभागिता प्रदान की। यह कार्यक्रम स्वामी जनसेवा समिति माना कैंप, नगर पंचायत माना कैंप, स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स क्लब, यंग ग्रुप माना कैंप के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, संजय यादव, पार्षद, रविंद्र सिंह ठाकुर, नरेश पिल्ले, सौरव आहूजा एवं संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल थे।

# अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों के प्रस्ताव केंद्र के गतिशक्ति पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के लिए गतिशक्ति पोर्टल तैयार किया गया है। खास बात ये है कि अब राज्य सरकार के सभी अधोसंरचना विकास संबंधी कार्य केंद्र सरकार के इस पोर्टल पर दर्ज करना सभी विभागों के लिए अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ने साफ किया है कि एक फरवरी या इसके बाद कार्यों की वित्तीय स्वीकृति अथवा प्रशासकीय स्वीकृति की सहमति के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर तभी विचार किया जायेगा, जब ये कार्य गतिशक्ति पोर्टल पर दर्ज किये गये हों।

### ये है मामला

*भारत सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के लिए गतिशक्ति पोर्टल तैयार किया गया है। राज्य में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग इसके लिए नोडल विभाग के रूप में अधिकृत है। अधोसंरचना विकास के निर्माण कार्यों, परियोजनाओं को इस राष्ट्रीय स्तर के पोर्टल में दर्शाये जाने से न केवल कार्यों की एक से अधिक योजनाओं में पुनरावृत्ति होने से बचा जा सकता है। एक ही मैप में अंकित होने से गैप आईडेंटिफिकेशन के माध्यम से नये कार्यो को स्वीकृत करने में आसानी होगी।*

### सभी विभागों के लिए जारी हुआ आदेश

*इस मामले को लेकर वित्त विभाग ने सरकार के सभी विभागों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कहा गया है कि राज्य में वर्तमान में संचालित स्कूल, कॉलेज, आईटीआई स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, आंगनबाड़ी की लोकेशन गतिशक्ति पोर्टल पर मैप अपेडेट की जाये। विभागों द्वारा नवीन कार्यों को गतिशक्ति पोर्टल पर उपलब्ध डेटा लेयर्स का उपयोग करते हुए प्रस्तावित किया जाये। इसके लिए ऐसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दिया जाये जहां पर पोर्टल में इन कार्यों का अभाव प्रदर्शित हो रहा है। इसमें मिसिंग लिंक को भी जोड़ा जाए। वित्त के नए कार्यों के प्रस्ताव भेजने से पहले ये करना होगाआदेश में कहा गया है कि सभी प्रस्तावित नवीन कार्यों को वित्त विभाग में स्वीकृति के लिए भेजने से पूर्व गत्तिशक्ति पोर्टल पर अपडेट करें। किसी भी कार्य, परियोजना पूर्व होने पर उसकी पूर्णता स्थिति को गतिशक्ति पोर्टल पर तत्काल अपडेट किया जाये।*

# पहली बार दो सत्र के मेधावी एक साथ हुए सम्मानित, 239 छात्रों को मिले 1.5 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दसवीं और बारहवीं कक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले 239 छात्रों को शुक्रवार को लोकभवन में सम्मानित किया गया। 2024 और 2025 के मेधावी छात्रों को एक साथ सम्मानित किया गया। यह पहली बार है, जब दो शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों को एक साथ सम्मानित किया गया। इनमें वर्ष 2024 के 110 और वर्ष 2025 के 129 टॉपर विद्यार्थी शामिल रहे। सभी को डेढ़-डेढ़ लाख की इनाम राशि प्रदान की गई। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में यह सम्मान समारोह हुआ। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित इस प्रतिभा सम्मान समारोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। माशिम अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले, विधायक मोतीलाल साहू, स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



■ 2024 के 110 व 2025 के 129 टॉपर्स को ईनामी राशि संग मॉडल

### जरूरी नहीं सभी डॉक्टर-इंजीनियर ही बनें

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपार संभावनाओं का प्रदेश है। विद्यार्थी आईआईटी, नीट की परीक्षा देकर इंजीनियरिंग और मेडिकल में जाना चाहते हैं, लेकिन सभी को सफलता नहीं मिलती है। इसके लिए निराश होने की जरूरत नहीं हैं। नए-नए विषय है जहां आप कॅरियर की ऊंची उड़ान भर सकते हैं। उन्होंने मौलिकता और नवाचार पर जोर देते हुए कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के बच्चे शिक्षा में आगे बढ़ रहे हैं, यह बहुत सराहनीय है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, सफलता के पीछे आपके शिक्षक गुरुओं एवं माता-पिता का आशीर्वाद है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि सत्र 2024 एवं 2025 के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के 239 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल, प्रशस्ति पत्र और प्रत्येक विद्यार्थी को डेढ़-डेढ़ लाख की राशि सीधे उनके खाते में दी गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को दिए इस प्रोत्साहन से शिक्षा के प्रति उनका रूझान बढ़ेगा और दूसरे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
Care With Confidence
NABH
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### 26 जनवरी तक बढ़ेगा पारा

**रायपुर।** सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले तीन दिन तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। शुक्रवार की सुबह हवा की गति अधिक होने से ठंड महसूस हुई लेकिन दिन बढ़ने के बाद गर्मी का अहसास हुआ। वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के इलाके में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से राज्य में आने वाली पूर्वी हवा नमी लिए हुए है।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

# एम्स में गूंजा 'वंदेमातरम', सेना के दो बैंड की शानदार प्रस्तुति वंदेमातरम के 150 साल पूरे होने पर शहर में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर भारतीय सेना के प्रतिष्ठित दो सेना बैंड गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर एवं आरवीसी सेंटर बैंड द्वारा संगीतमय कार्यक्रम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 'वंदे मातरम' की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति भावना को आम जनमानस तक पहुँचाना था।

इस आयोजन के साथ ही रायपुर शहर में आगामी पाँच दिनों तक आयोजित होने वाले 'वंदे मातरम' विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला का औपचारिक शुभारंभ हुआ। भारतीय सेना के सैन्य बैंड शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियाँ देंगे। एम्स में आयोजित प्रस्तुति के दौरान सेना बैंड ने 'संदेशे आते हैं', 'देश मेरे मेरी जान', 'तेरी मिट्टी में मिल जावां' सहित अनेक देशभक्ति गीतों, सैन्य धुनों तथा 'वंदे मातरम' पर आधारित संगीतमय रचनाओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। 'वंदे मातरम' की पृष्ठभूमि एवं आयोजन का उद्देश्य बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रीय चेतना और एकता का एक सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। वर्ष 2026 में इस ऐतिहासिक रचना के 150 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए एक गर्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### बलिदान की भावना से जोड़ना ही उद्देश्य

इस अवसर को स्मरणीय बनाने हेतु भारतीय सेना के सहयोग से देशभर में विशेष सांस्कृतिक एवं संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवा पीढ़ी को राष्ट्र के इतिहास, मूल्यों एवं बलिदान की भावना से जोड़ना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक संगीतमय आयोजन नहीं था, बल्कि यह स्वास्थ्य संस्थान, सशस्त्र बलों और समाज के बीच भावनात्मक एवं देशभक्ति संबंध को सुदृढ़ करने का एक सार्थक मंच भी सिद्ध हुआ।


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

हवाई मार्ग Ex-लखनऊ
(09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

ओम कौटिल्य गोत्र उत्पन्न अहं ...




रायपुर में भारत का 'विजयी' रिकॉर्ड बरकरार, टी-20 में दूसरी शानदार जीत, खचाखच भरे स्टेडियम में रातभर जश्न का माहौल

# सूर्या-ईशान के चौके-छक्के से झूमा रायपुर, हर गेंद पर जश्न, फैंस को मिला जीत का यादगार तोहफा

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार की शाम 'इंडिया-इंडिया' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 मुकाबले में टीम इंडिया की शानदार जीत ने राजधानी के क्रिकेट प्रेमियों को जश्न का एक और मौका दे दिया। लगातार दूसरे महीने अंतर्राष्ट्रीय मैच होने के बावजूद रायपुर में क्रिकेट का जोश सिर चढ़कर बोला। स्टेडियम में करीब 60 हजार दर्शकों की मौजूदगी रही। शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक स्टेडियम खचाखच भरा रहा। नज़ारा ऐसा था, मानो पूरा स्टेडियम नीले समंदर में तब्दील हो गया हो। जिधर देखो, उधर नीली जर्सी और हाथों में तिरंगा लिए फैंस अपनी टीम का उत्साह बढ़ाते नजर आए। सूर्या और ईशान का तूफान मैच का मुख्य आकर्षण रहे। कप्तान सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन की तूफानी बल्लेबाजी रही। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इनकी बैटिंग ने फैंस का जोश दोगुना कर दिया।



**रायपुर ।** 15 ओवर तक मैदान के चारों तरफ चौकों और छक्कों की बरसात होती रही, जिससे रोमांच एक पल के लिए भी कम नहीं हुआ। दर्शकों की दीवानगी का आलम यह था कि कई युवा अपने चहेते सितारों के लुक में पहुंचे। कोई हार्दिक पांड्या बनकर आया था तो कोई सूर्यकुमार यादव के अंदाज में। मैच शुरू होने से लेकर खत्म होने तक, हर विकेट और हर शॉट पर दर्शकों ने जमकर एन्जॉय किया तथा भारत की जीत के लिए लगातार उत्साहवर्धन किया।

## 23 पारी के बाद 23 बॉल में बनाया अर्धशतक

लंबे समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गजब का जौहर दिखाते हुए 37 गेंदों में 82 रनों की शानदार पारी खेली। सूर्यकुमार ने 268 दिनों बाद टी-20 इंटरनेशनल में पचासा जड़ने का कारनामा किया है। बता दें कि कप्तान सूर्यकमार का फॉर्म टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ी चुनौती था, लेकिन उन्होंने सभी चुनौतियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए शानदार पारी खेली। सूर्या ने अक्टूबर 2024 के बाद अर्धशतक जड़ने का काम किया है।

## ईशान की तूफानी पारी

ईशान ने रायपुर में बाउंड्री की लाइन लगा दी और फील्डर्स को दर्शक बनने पर मजबूर कर दिया। ईशान ने 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद तो सूर्या ने भी गियर बदला और छक्कों-चौकों की बारिश शुरू हो गई। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंदों पर 122 रनों की साझेदारी हुई।








## प्रदेशभर से पहुंचे क्रिकेट फैंस

क्रिकेट मैच का लुत्फ उठाने प्रदेश के विभिन्न जिलों से क्रिकेट प्रेमी पहुंचे हुए थे। नागपुर से भी फैंस की मौजूदगी रही। हर कोई अपने साथ टीम इंडिया के लिए मैसेज लेकर आया था। कड़े मुकाबले में सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि स्टेडियम में भी दर्शकों में बॉल पकड़ने और फोटो खींचने की होड़, जोश और उत्साह का स्तर ऊंचा रहा। जब किसी बल्लेबाज का छक्का दर्शकों के पास पहुंचता तो दर्शकों में बॉल पकड़ने और फोटो खींचने की होड़ लग जाती। मैच के दौरान हर स्टैंड में लोग बॉल को छूने और यादगार तस्वीरें लेने के लिए आगे बढ़ते दिखे।







## मैच खत्म होने के बाद लंबा जाम

मैच खत्म होने के बाद स्टेडियम के बाहर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं। इसका असर टाटीबंध तक दिखाई दिया। मैच देखने करीब 40 हजार से अधिक गाड़ियों में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे थे और एक साथ गाड़ियां बाहर निकलने की वजह से लंबा जाम लग गया।




## चेहरे और जर्सी पर इंडिया, स्टेडियम में हार्दिक-सूर्या का जादू

मैच देखने आए फैंस ने चेहरों पर इंडिया पेंट करवा कर टीम के लिए समर्थन दिखाया। छोटे-छोटे बच्चे हार्दिक और सूर्यकुमार यादव के लिए स्पेशल मैसेज लेकर आए हुए थे और पूरे स्टेडियम में केवल नीली जर्सी ही दिखाई देती रही। जब खिलाड़ी बाउंड्री लाइन के पास आए तो बच्चे और बड़े दर्शक उन्हें निहारते तथा उत्साह के साथ पुकारते रहे। मैच के दौरान बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर बॉल पर स्टेडियम में मौजूद फैंस झूमते और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल को रोमांचक बनाए रखते दिखे।

## समाज लाइव

# अग्रवाल संगठन सजाएगा मंडप सामूहिक विवाह की तैयारी तेज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के सपनों को साकार करने की तैयारी तेज किया है। परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन तीन मई को करने जा रहा है। इसके बारे में प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल के नेतृत्व तथा समाजसेवी दीनदयाल गोयल के मार्गदर्शन में यह आयोजन रावांभाठा स्थित होटल एंट्री पॉइंट में किया जाएगा। यह मात्र एक सामूहिक विवाह नहीं, बल्कि भावनात्मक क्रांति और सामाजिक न्याय को जीवंत करने की पहल है। संयोजक रमेश अग्रवाल और जयप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश की बेटियों का सम्मानजनक विवाह करवाना हमारा सामूहिक दायित्व है।

### गृहस्थ जीवन की पूर्ण शुरुआत करने देंगे उपहार

संयोजिका शोभा केडिया और गुंजा सुल्तानिया ने आयोजन के बारे में बताया कि सनातन धर्मवलंबियों के लिए यह आयोजन है, जो पूर्णतः निःशुल्क है। वर पक्ष हो या वधू पक्ष दोनों पर कोई भी आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। संपूर्ण आयोजन मेहंदी, हल्दी, सात फेरे सहित सभी रस्में पूर्ण श्रद्धा और वैदिक मंत्रों के साथ करवाने का दायित्व तय किया गया है। राजसी स्वागत एवं साज-सज्जा, हर दुल्हन और दूल्हे को रानी-राजा की तरह सजाया-संवारा जाएगा। गृहस्थ जीवन की पूर्ण शुरुआत करने के लिए उन्हें घरेलू सामग्री में बर्तन, अलमारी, कपड़े, आभूषण, फर्नीचर संगठन की ओर से निःशुल्क भेंट दी जाएंगी।

## इवेंट लाइव

# फैंसी ड्रेस, गिद्दा-भांगड़ा की प्रस्तुति से सजाया मंच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल द्वारा लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कड़ी में फैंसी ड्रेस और गिद्दा-भांगड़ा से मंच को सजाते हुए समाज की महिलाओं को उत्सव का माहौल दिया। हर्षोल्लास के साथ सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित प्रोग्राम में फैंसी ड्रेस में डॉक्टर, पेड़-पौधा, इंस्टाग्राम-फेसबुक, भारत माता, सब्जी वाली, नेताजी के परिधान में मंच पर शिरकत करते हुए धूम मचाई। इस आयोजन के दौरान महिलाओं ने प्रतिभागियों को अलग-अलग क्रम में मंच पर प्रस्तुति से जोड़ने का प्रयास किया। इसे दर्शक दीर्घा में मौजूद समाज के लोगों ने भी खुले दिल से सराहा।

### गिद्दा और भांगड़ा की प्रस्तुति पर झूमे

विभिन्न वेशभूषा में शानदार प्रस्तुति के दौरान इस अवसर को कैमरे में कैद करने वालों का ग्रुप उत्साह में नजर आया। वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रीता चोपड़ा ने पेड़ पौधा बनकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीमा चोपड़ा ने सब्जी के किरदार में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अनीता किंगर ने भारत माता के किरदार में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीमा चोपड़ा, रितु खुराना, निर्मल आनंद एवं प्रिया नारंग द्वारा गिद्दा और भांगड़ा की प्रस्तुति देते हुए सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में समाज की महिलाओं ने तालमेल बनाया।

● साहित्य उत्सव में प्रसिद्ध रंगकर्मी मनोज जोशी के नाटक चाणक्य की प्रस्तुति

# ओम कौटिल्य गोत्र उत्पन्न अहं विष्णुगुप्त... श्लोक से गूंजा मंच, जीवंत अभिनय से दर्शक तृप्त

सांची स्तूप के हूबहू सेटअप के बीच मध्यम रोशनी में दो दरबान और एक लोहे का मुखौटा पहने कोई राजा खड़ा है। 200 ईसा पूर्व राष्ट्र का परिचय तक नहीं था और न ही स्वराज का पता था कि बैकग्राउंड संवाद से मंच गूंजता है। फिर घोड़ों की टॉप की आवाज और युद्ध की आहट की बैकग्राउंड ध्वनि से मंच थर्राने लगता है। इस बीच संवाद ध्वनि सुनाई पड़ती है कि 322 ईसा पूर्व में यूनान का ग्रीक राजा सिकंदर महान भारत के सीमा में आ पहुंचा और युद्ध से भयंकर विनाश की मंशा है।

**रायपुर।** दूसरे दृश्य में बैकग्राउंड म्यूजिक में संस्कृत में श्लोक व चिड़ियों के चहचहाहट की ध्वनि दर्शकों को एकाएक सुनाई देती है तथा ब्रह्ममुहूर्त की बेला में नदी स्नान के बाद आचार्य चाणक्य ध्यान में बैठे ओम कौटिल्य गोत्र उत्पन्न अहं विष्णुगुप्तः... श्लोक का पाठ करते मंच पर उदयमान होते हैं। इस दृश्य को देख दर्शक दीर्घा में खामोशी-सी छा जाती है। दर्शक एकटक एक अवस्था में दृश्य का निहारते रह जाते हैं। यह दृश्य है प्रसिद्ध रंगकर्मी व अभिनेता पद्मश्री मनोज जोशी अभिनीत नाटक चाणक्य का, जो शुक्रवार को साहित्य उत्सव में पुरखौती मुक्तांगन के पं. विनोद कुमार शुक्ल मंडप पर रात्रि 8 बजे मंचित हुआ। इस नाटक में चाणक्य के किरदार में मनोज जोशी के जीवंत संवाद व अभिनय से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए।



### राजा पुरू को सिकंदर के विरुद्ध युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं

दूसरे दृश्य में पात्र शिष्य का प्रवेश होता है, जो आचार्य चाणक्य से जलपान के लिए आग्रह करता है तो आचार्य चाणक्य शिष्य से जल मिश्रित दूध सेवन करने की इच्छा जाहिर करते हैं। दृश्य में आचार्य चाणक्य मगध में नंद वंश द्वारा अपमानित होने के बाद, पश्चिमोत्तर भारत के राजा पुरू पोरस के पास जाकर शरण लिए हैं और वे राजा पुरू से उन्हें सिकंदर के विरुद्ध भारत को एकजुट करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### राष्ट्र से अधिक महत्व की कोई नीति नहीं होती

जब चाणक्य की भूमिका में मनोज जोशी का गंभीर स्वर गूंजा, मैं आर्य विष्णु गुप्त चाणक्य तुम्हें संपूर्ण भारत का चक्रवर्ती पद देने के लिए तत्पर रहूंगा... मांगो। इस संवाद पर तालियों से दर्शकों ने दाद दी। चाणक्य चंद्रगुप्त से कहते हैं, धर्म राष्ट्र और समाज के विकास के लिए होता है। अगर धर्म राष्ट्र के विकास में बाधक बन जाए तो वो त्याज्य है। राष्ट्र से अधिक महत्व की कोई नीति नहीं होती। कंस, दुर्योधन, द्रोणाचार्य, भीष्म पितामह का वध युद्ध नीति को तोड़कर छल से किया गया। फिर भी इनका जिक्र इतिहास में धर्मयुद्ध के रूप में है, क्योंकि इसमें राष्ट्रहित छिपा था।



### श्यामलाल चतुर्वेदी मंडप

तृतीय सत्र में छत्तीसगढ़ का साहित्यिक अवदान विषय पर परिचर्चा अरूण कुमार निगम, मीनकेतन प्रधान, माणिक विश्वकर्मा, सरला शर्मा ने संवाद रखे। इसके सूत्रधार डॉ. चंद्रशेखर शर्मा रहे। वहीं चतुर्थ सत्र में समय की समस्या सेक्युलरिज्म विषय पर दिलीप मंडल ने विचार रखे। इसके सूत्रधार जयप्रकाश पांडे रहे।





### अनिरुद्ध नीरव मंडप

तृतीय सत्र में स्मृति शेष स्व. विनोद कुमार शुक्ल साहित्य की खिड़कियां विषय पर डॉ. सुशील त्रिवेदी, आकांक्षा पारे, सौरभ शर्मा ने काव्य प्रेमियों को शुक्लजी के साहित्य से जोड़ा। इसकी सूत्रधार नीरम वर्मा रहीं। वहीं चतुर्थ सत्र में काव्य पाठ राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में महेश वर्मा ने संयोजन किया। इसमें कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को गुदगुदाया।



### लाला जगदलपुरी मंडप



तृतीय सत्र में 3.45 से 5 बजे तक इस मंडप में काला पादरी विषय पर प्रदेश की जनजातीय जीवन पर डॉ. उर्मिला शुक्ल, बीरबल, संजीव बख्शी, प्रदीप श्रीवास्तव ने सारगर्भित व सार्थक परिचर्चा से श्रोताओं को समृद्ध किया। इसके सूत्रधार शुभम उपाध्याय रहे। वहीं चतुर्थ सत्र में राहुल सिंह, डॉ. शिवाकांत बाजपेई, आरएन विश्वकर्मा, अजय चतुर्वेदी ने पुरातत्वः मौन साहित्य पर विचार साझा किए। इसके सूत्रधार अरविंद मिश्र रहे।

# रीमिक्स गीतों पर स्टूडेंट्स ने सजाया वार्षिकोत्सव

**रायपुर।** परीक्षाओं का दौर शुरू होने से पहले स्टूडेंट्स को वार्षिक उत्सव से जोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस क्रम में स्टूडेंट्स भी रीमिक्स गीत-संगीत से उत्सव का माहौल दे रहे हैं। श्री किड्स स्कूल माना कैंप में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा रहीं। विशिष्ट अतिथि प्राइवेट स्कूल्स के प्रेसीडेंट राजीव गुप्ता और नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय कुमार यादव, श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, अर्चना शर्मा जैन की उपस्थिति में विद्यालय की प्राचार्या अलका बापट के मार्गदर्शन में स्टूडेंट्स द्वारा की गई वार्षिकोत्सव की तैयारी ने मंच पर रंग जमाया। वहीं प्राचार्य ने अभिभावकों से कहा कि वे यह सोचें कि उनका बच्चा उन्हें देखकर क्या सीख रहा है। वे स्वयं अपने बच्चे को देखकर क्या सोचते हैं। उन्होंने कहा, खुशी केवल इस बात में नहीं होनी चाहिए कि बच्चा बाहर से कैसा दिखाई दे रहा है, बल्कि इस बात से होना चाहिए कि बच्चा आंतरिक रूप से क्या बन रहा है।




### लोकायन हॉल में रहा उल्लास का माहौल

कॅरियर पब्लिक स्कूल का भव्य वार्षिक समारोह उत्सव की तरह लोकायन हॉल में हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इसमें पब्लिक स्कूल की दोनों शाखा मोवा एवं कबीर नगर ने संयुक्त रूप से भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. श्रुति गजेंद्र की उपस्थिति रही। उन्होंने बालिका शिक्षा एवं महिला स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह घोषणा की कि कॅरियर पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं को स्वास्थ्य जांच सुविधा प्रदान की जाएगी। उनका यह उदार एवं सेवाभावी संदेश सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा।

### अभिभावकों की भागीदारी विशेष आकर्षण

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, नाटक एवं गीतों ने सभागार को खुशी, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। बच्चों की मेहनत ने मंच पर ऐसा रंग बिखेरा कि हर दर्शक भावविभोर हो उठा। इसमें अभिभावकों की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उनके लिए आयोजित मनोरंजक खेलों एवं गतिविधियों ने लोगों को उत्सव का माहौल दिया। विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच आत्मीयता को और सुदृढ़ किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं स्टाफ के समन्वित प्रयास, समर्पण और परिश्रम के परिणाम स्वरूप वार्षिक समारोह एक स्मरणीय और सफल आयोजन बना।

# महिला केंद्रों में हल्दी-कुमकुम के साथ स्पर्धा की होड़ भी

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में इन दिनों हल्दी-कुंकू के साथ विविध आयोजनों और स्पर्धाओं की होड़ मची हुई है। मंडल परिसर चौबे कॉलोनी और डगनिया केंद्र की महिलाओं ने उत्साह के साथ हल्दी-कुंकू का आयोजन किया। जहां तिल-गुड़ के लड्डुओं की मिठास के साथ मनमोहक गेम्स और आकर्षक वाण मिलने पर महिलाओं के चेहरे खिले। सखी निवास की प्रभारी नमिता शेष ने बताया कि डगनिया केंद्र की महिलाओं ने मंडल भवन में हल्दी-कुंकू का आयोजन किया। केंद्र की सदस्य रंजना राजिमवाले और सृष्टि दंडवते ने संक्रांति से संबंधित सदस्यों को गेम खिलाए। इसमें शैला गायधनी विजेता और दिव्या पात्रीकर उपविजेता रहीं। सभी ने एक-दूसरे को हल्दी-कुंकू लगाकर वाण भेंट किया।



### गणेशजी और रामसेतु शिला की बनाई झांकी

इसमें अनुभा जाउलकर, अंजलि काले, नमिता शेष, विजया भाले, अनामिका महाजन, संध्या अनिल, मीनाक्षी तारे, सीमा देव, अनुजा महाड़िक, दीपांजली भालेराव, अर्चना कुलकर्णी और अर्चना टेंबे उपस्थित रहीं। संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि गणेश जयंती और श्रीरामलला मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र की महिलाओं ने हल्दी-कुंकू का आयोजन किया। आयोजन स्थल पर अष्टविनायक गणेशजी और रामसेतु शिला की आकर्षक झांकी बनाई गई। केंद्र के सदस्यों को तिल-गुड़ और पतंग पर आधारित गेम्स खेलने का अवसर दिया। इसमें शालिनी शर्मा विजेता, देशपांडे उपविजेता एवं मनीषा वरवंडकर तीसरे स्थान पर रहीं।

# बंगाली समाज ने बसंत पंचमी पर निभाई हाथे खड़ी की परंपरा

## छोटे बच्चों ने मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना कर की शिक्षा की शुरुआत







**रायपुर।** कालीबाड़ी में बंगाली समाज ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पारंपरिक उत्साह के साथ मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना सुबह 8.30 बजे कालीबाड़ी में की गई। इस दौरान बंगाली पद्धति से विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई, जहां भक्तों ने पीले वस्त्र धारण कर हाथे खड़ी यानी शिक्षा की शुरुआत की रस्म निभाई। इसमें 100 से अधिक छोटे बच्चों की पढ़ाई शुरू करने की रस्म हाथे खड़ी निभाई गई, जो ज्ञान के लिए मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया गया। बंगाली कालीबाड़ी समिति के अध्यक्ष तन्मय चटर्जी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी समाज के लोगों ने हाथे खड़ी की परंपरा को वसंत पंचमी के पावन पर्व पर उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर प्रभात फेरी भी निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में समाज के बच्चे, बड़े सभी ने भाग लिया। साथ ही भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्थ सरकार, बबली दत्ता और ममता रॉय सहित समिति व समाज के लोग शामिल हुए।



### जिंदगी-स्कूल-कॉलेजों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई वसंत पंचमी

वसंत पंचमी के पावन अवसर पर कमला देवी संगीत महाविद्यालय में सरस्वती पूजन एवं संगीतमय आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रातः महाविद्यालय परिसर में सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर गुरुजनों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से अंजलि अर्पित कर सरस्वती वंदना का गायन किया। पूजन के पश्चात गायन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा समूह सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने राग बसंत, राग बहार सहित वसंत ऋतु पर आधारित विविध रचनाओं की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं, जो अवसर की भावनाओं के अनुरूप रहीं। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि अधिकांश विद्यार्थी एवं शिक्षक पीले वस्त्र धारण कर उपस्थित हुए, जिससे संपूर्ण महाविद्यालय परिसर में वसंत पंचमी का रंग, उल्लास और सौंदर्य स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हुआ। संगीत, साधना और परंपरा का सुंदर समन्वय इस आयोजन में देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल आध्यात्मिक अनुभव रहा, बल्कि भारतीय सांगीतिक परंपरा और ऋतु आधारित रागों की समझ को भी सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। कुल मिलाकर, वसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा, संगीत और संस्कार का एक सराहनीय उदाहरण रहा।

### शहरभर में हुए विविध आयोजन

बसंत पंचमी पर विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। वहीं शहर के सभी स्कूल-कॉलेजों में सरस्वती वंदना-पूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर वंदना एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं। स्कूल-कॉलेजों सहित आमजनों में भक्तिमय माहौल रहेगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इमर्जिंग अकादमी के धनंजय रहे प्लेयर ऑफ द मैच




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर-13 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को पहले दिन क्रिकेट फाउंडेशन एकेडमी एवं इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर के मध्य मैच हुआ। 40-40 ओवरों के इस मैच में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ने 118 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी इमर्जिंग क्रिकेट एकेडमी 40 ओवर में 09 विकेट पर 227 रन बनाए। समर्थ ने 44 रन, निब्बी ने 38 रन और विश्व वीर ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी पी रावत, कनक वर्मा और मयंक सिंह ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने 40 ओवर में 7 विकेट पर 109 रन बनाए। इनमें पी रावत ने 23 रन और राजवीर सिंह ने 18 रन बनाए। इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर अभ्युदय एवं रेहंस ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर योगेश्वर डेहरिया एवं नवीन तथा स्कोरर विनोद देवघरे एवं पल्लवी थे।

### रायपुर ब्लू पहली पारी में 388 रन पर आउट



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप सेमी फाइनल मैच के दूसरे दिन शानदार मैच हुए। धमतरी में टीम रायपुर ए ब्लू विरुद्ध दुर्ग के मैच में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी में 388 रन पर आउट हो गई। अमितेश मिश्रा ने 107 रन, अगमजोत सिंह ने 31 रन और श्रेयांश अग्रवाल ने 24 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग के शिवम यादव ने तीन एवं अमिया ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी 240 रन पर आउट हो गई। समर्थ मूलवानी ने 41, चंद्रांश यादव ने 39 एवं शिवम यादव ने 43 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के सागर निषाद ने 4 और मोहम्मद फैज खान ने 3 विकेट लिए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बिलासपुर की टीम रायपुर के विरुद्ध पहली पारी में 157 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर टीम पहली पारी में 240 रन पर आउट हो गई। वेदांश खेड़िया ने 107 रन बनाए। यथार्थ सिंह भदौरिया ने 32 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के धनंजय नायक ने 5 विकेट और शांत श्रीसंत खरे ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 105 रन बनाए। साहिवाल सरकार ने 35 रन और अयान उपाध्याय ने 26 रन बनाएं। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के सिद्धांत अजय गोयल ने तीन विकेट लिए।

### फेडरेशन कप वॉलीबॉल स्पर्धा के पर्यवेक्षकों ने लिया जायज़ा



**रायपुर।** 37वीं फेडरेशन कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 03 से 08 फरवरी तक स्व. बलबीर सिंह जूनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा में किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 जनवरी को वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा चैम्पियनशिप की तैयारियों का जायजा लेने हेतु दो ऑब्ज़र्वरों की नियुक्ति की गई। इनमें सहीराम जाखड़, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी भिलाई तथा रुद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष, मध्यप्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन शामिल हैं। ऑब्ज़र्वरों द्वारा फेडरेशन कप की तैयारियों के अंतर्गत इंडोर स्टेडियम, साई ट्रेनिंग सेंटर एवं आने वाली टीमों के ठहरने हेतु निर्धारित होटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत व्यवस्थाओं को उपयुक्त पाया गया तथा इंडोर स्टेडियम की विशेष रूप से सराहना की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया से भी सौजन्य मुलाकात कर उन्हें फेडरेशन कप की जानकारी दी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष माननीय महेश गागड़ा, आयोजन समिति के सचिव मो. अकरम खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतेन्द्र पाण्डेय, सचिव हेम प्रकाश नायक, अंतरराष्ट्रीय रेफरी विनोद नायर, एफआईवीबी लेवल–2 कोच नितिन पाण्डेय सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी में जनक राम यादव, इरफान हयात, राजेश सोमवंशी, संतोष सिंह (राष्ट्रीय रेफरी), रविन्द्र बागी, अमरीश शर्मा तथा अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## कहीं ज्यादा तनाव तो नहीं ले रहे हैं आप

# रोजमर्रा के तनाव का सीधा संबंध है पेट से, अक्सर बनी रहती है कब्ज-पाचन की दिक्कत तो हो जाएं सचेत

आहार में गड़बड़ी के कारण पाचन की समस्या जैसे कब्ज-अपच होना काफी सामान्य है। पर क्या आपको अक्सर ही इस तरह की दिक्कत बनी रहती है? अगर हां तो इस बारे में किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। कब्ज की लंबे समय तक बनी रहने वाली दिक्कत कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए आवश्यक है कि आपका पाचन ठीक रहे, इसमें लंबे समय तक बनी रहने वाली किसी भी दिक्कत पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि पाचन समस्याओं और कब्ज की दिक्कत के क्या कारण हो सकते हैं, कहीं ये शरीर में किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं है?



### आहार से संबंधित समस्याएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाचन-कब्ज की अधिकतर समस्याएं आहार में गड़बड़ी से संबंधित होती हैं। ज्यादा तैलीय, हाई फैट वाली चीजें कब्ज पैदा कर सकते हैं। डेयरी उत्पाद, अंडे, गरिष्ठ मिठाइयों का अधिक सेवन भी समस्याकारक माने जाते हैं। यदि आप इन चीजों का सेवन करते हैं तो पाचन को ठीक रखने के लिए अपने भोजन में भरपूर मात्रा में फाइबर युक्त सब्जियां और साबुत अनाज को भी शामिल करें। ये चीजें कब्ज-अपच की दिक्कतों से बचाने में मददगार हो सकती हैं।

### कहीं आप भी तो नहीं ले रहे बहुत ज्यादा तनाव?

ज्यादा तनाव और चिंता की समस्या को शरीर में कई प्रकार की दिक्कतों को बढ़ाने वाला पाया गया है। इससे न सिर्फ रक्तचाप और हृदय गति बढ़ सकती है साथ ही अक्सर तनाव की समस्या कब्ज के भी जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। तनाव की स्थिति उन मांसपेशियों को प्रभावित करती है जो आपके शौच जाने के तरीके को नियंत्रित करती हैं। अक्सर बनी रहने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण गंभीर पाचन की दिक्कतों का खतरा हो सकता है।

### कई और गंभीर रोगों का हो सकती है संकेत



कब्ज-पाचन की अक्सर बनी रहने वाली समस्याओं के कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी कारण हो सकते हैं। ऐसी स्थितियां जो आपके मस्तिष्क और रीढ़ को प्रभावित करती हैं- जैसे पार्किंसंस रोग, रीढ़ की हड्डी की क्षति या मस्तिष्क की चोटें भी आपके पाचन को प्रभावित करने वाली हो सकती है। मधुमेह और थायरॉयड ग्रंथि की समस्याएं भी पाचन विकारों का कारण हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर लंबे समय तक आपको कब्ज या पाचन की दिक्कत रहती है तो डॉक्टर की सलाह लेकर जांच जरूर कराएं।

### उम्र के साथ होने वाली दिक्कत

डॉक्टर बताते हैं, जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, कब्ज होने की दिक्कत भी अधिक होती जाती है। ऐसा



आंशिक रूप से इसलिए होता है क्योंकि आप उम्र बढ़ने पर कम सक्रिय हो सकते हैं और मेटाबॉलिज्म की दिक्कतें भी बढ़ने लग जाती हैं। पाचन की दिक्कतों से दूर रहने के लिए आहार और जीवनशैली में बदलाव के बारे में अपने डॉक्टर की सलाह जरूर लें, जो बुढ़ापे के साथ आपको नियमित रहने में मदद कर सकती हैं।

## राज्य स्तरीय रेपिड एवं ब्लिट्ज फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप आज से

CGSCA

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में राज्य रेपिड एवं ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 24 एवं 25 जनवरी को सेक्टर 6 भिलाई के अग्रसेन भवन में आयोजित है। इसका उद्घाटन 24 जनवरी को सुबह 9 बजे समाजसेवी इंद्रजीत सिंग के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।

जिला संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं तुलसी सोनी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य चयन प्रतियोगिता में 22 जिलों के कुल 360 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। स्पर्धा में आकर्षक नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एव शतरंज साहित्य प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता के दौरान अंडर-07, अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13 एवं अंडर-15 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए विशेष पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं, जिनमें विजेता एवं उपविजेता को शतरंज साहित्य देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता फीडे रेटेड होने के कारण जहां रेटेड खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय रेटिंग में वृद्धि का अवसर प्रदान करेगा वहीं अनरेटेड खिलाड़ियों के लिए नवीनतम रेटिंग हासिल करने का अवसर देगा। इस प्रतियोगिता के आधार पर राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में खेलने का मौका मिलेगा।

प्रत्येक चैंपियनशिप से मेरिट (योग्यता) के आधार पर शीर्ष 2-2 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया जाएगा। इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक होंगे। तकनीकी सहायता के लिए इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी होंगे।

पहले दिन उद्घाटन समारोह में अध्यक्षता अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई के सांस्कृतिक सचिव दिनेश सिंघल करेंगे। विशेष अतिथि समाजसेवी राजेश नथवानी, प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे, प्रदेश संघ के कोषाध्यक्ष प्रदीप दास और छत्तीसगढ़ आर्बिटर कमीशन के चेयरमैन अलंकार भिवगड़े उपस्थित रहेंगे। प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा अग्रसेन जनकल्याण समिति के सहयोग से किया जा रहा है।

## मकर राशि में बनेगा पंचग्रही राजयोग, इन 3 राशि वालों का शुरू होगा गोल्डन टाइम



मकर राशि में पंचग्रही राजयोग बन रहा है, जो इन तीन राशि वालों के लिए खुशियों से भरा रहेगा। इन जातकों को नौकरी, व्यापार और रिश्तों में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आइए इनके नाम जानते हैं। ज्योतिषियों के मुताबिक, वर्तमान में मकर राशि में ग्रहों का दुर्लभ संयोग बना हुआ है। यहां ग्रहों के राजकुमार बुध, सेनापति मंगल, विलासिता और प्रेम के कारक शुक्र तथा ग्रहों के राजा सूर्य विराजमान हैं। इन चारों ग्रहों की युति से चतुर्ग्रही योग बन रहा है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत शुभ और प्रभावशाली माना जाता है। अब वहीं 18 जनवरी को शाम 04 बजकर 40 मिनट पर मकर में चंद्रमा भी प्रवेश कर चुका है। चंद्रमा के इस गोचर से शनि की राशि मकर में पंचग्रही राजयोग का निर्माण होगा। यह दुर्लभ संयोग कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों के लिए समय शुभ रहने वाला है। व्यवसाय को आगे बढ़ाने की कोशिशें सफल होंगी। नए लोगों से आप जुड़ेंगे और चारों ओर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। ससुराल पक्ष की तरफ से विशेष सुख-सहयोग की प्राप्ति होगी। करियर-कारोबार के लिए की गई मेहनत रंग लाएगी। व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए भी यह समय अनुकूल रहने वाला है।

**सिंह राशि :** लव लाइफ शानदार बनी रहेगी। निवेश से लाभ होगा और किसी कार्य में आ रही बाधा दूर होने पर आपको सुकून मिलेगा। किसी नई जगह पर घूमने का प्लान बनाएंगे। पिता की तरफ से आपको अपेक्षित समर्थन मिलता रहेगा। परिवार के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। आप बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में कामयाब होंगे। छात्र वर्ग के लिए अत्यंत ही शुभ रहने वाला है।

**मकर राशि:** छात्र वर्ग को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। प्रिय सदस्य से जुड़ी अच्छी खबर सुनने पर मन प्रसन्न रहेगा। करियर को लेकर सभी चिंताएं दूर होती हुई नजर आएंगी। संपत्ति आदि खरीदने के योग बन रहे हैं। आय के स्त्रोतों में वृद्धि देखने को मिल सकती है। करियर-कारोबार में बेहतर अवसर मिलने के योग हैं।



## जानिए मसल्स वाली बॉडी बनाने की सही तरकीब, मिलेगी सफलता

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष सिर्फ हां में ही जवाब देंगे। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं। ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो



भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।

### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं।

**ज्यादा कार्डियो धीमी मसल्स ग्रोथ:** कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन इनको सीमा से ज्यादा कर लेना भी सही नहीं है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

उज्जवल इंटरप्राइजेस प्लाईवुड एंड इंटीरियर
मॉड्यूलर किचन
डोर एवं चौखट
asianpaints
हार्डवेयर टिम्बर
पता: स्टार नर्सरी के सामने, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 7415799000

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एडोलेसेंस' स्टार ग्राहम को लेकर चर्चा सेरेमनी के बाद खोई गोल्डन ग्लोब ट्रॉफी



हॉलीवुड एक्टर स्टीफन ग्राहम ने हाल ही में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता। यह अवॉर्ड उन्हें टीवी सी री ज 'एडोलेसेंस' में उनके शानदार अभिनय के लिए मिला। यह कैटेगरी थी- लिमिटेड सीरीज या टीवी मूवी में बेस्ट एक्टर। ग्राहम ने पिछले साल इसी शो के लिए एमी अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन इस दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हुआ कि उनकी गोल्डन ग्लोब टॉफी ही खो गई। जानिए क्या वापस मिली स्टीफन को उनकी गोल्डन ग्लोब ट्रॉफी।

अवॉर्ड जीतने के बाद ग्राहम के साथ एक तनाव भरी घटना हुई। उन्हें लॉस एंजिल्स से अगले दिन मैड्रिड जाना था, क्योंकि वहां शूटिंग का काम था। लेकिन सब कुछ इतनी जल्दी हुआ कि उनके पास प्लेन पकड़ने के लिए सिर्फ तीन मिनट बचे थे। ग्राहम ने एक यूके रेडियो शो में इस बारे में बताया, 'जैसे ही मैं बाहर निकला, एक महिला मेरे नाम लेकर खड़ी थी। उसने मुझे सीढ़ियों से नीचे ले जाकर कार में बिठा दिया और सीधे एयरपोर्ट के रनवे पर पहुंचा दिया। यह तो अगले लेवल का रोमांच था।' प्लेन में चढ़ते वक्त ग्राहम को अपने सूटकेस की चिंता हुई। उन्हें लगा कि उनका सामान समय पर नहीं पहुंचेगा। उन्होंने एयरपोर्ट स्टाफ से कहा, 'सॉरी, अगर मैं कार में हूं तो आप मेरा सूटकेस प्लेन में कैसे डालेंगी?' स्टाफ ने कहा, 'चिंता मत करो, हम संभाल लेंगे। मैं वादा करती हूं।' लेकिन ग्राहम को यकीन नहीं हुआ। आखिर में सूटकेस प्लेन में नहीं आया। बाद में पता चला कि वह अटलांटा में छूट गया था। उसमें ग्राहम का पर्सनल सामान भी था और सबसे कीमती उनका गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड था।

### टॉलीवुड

## सुंदर सी की अगली फिल्म 'पुरुषन' में बाबू और विशाल के साथ दिखेंगी तमन्ना



एक्टर विशाल और निर्देशक सुंदर सी ने चौथी बार हाथ मिलाया है। उनकी आगामी फिल्म का नाम है 'पुरुषन'। टाइटल टीजर में तमन्ना को मुख्य अभिनेत्री के रूप में दिखाया गया है, जबकि योगी बाबू सहायक भूमिका में नजर आएंगे। अ भि ने ता वि शा ल, तमन्ना भाटिया और निर्देशक सुंदर सी फिर से एक साथ काम करने जा रहे हैं। उनकी नई फिल्म का नाम 'पुरुषन' है। बुधवार को इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा हुई और साथ ही धमाकेदार एक्शन के साथ टीजर भी जारी किया गया। 'पुरुषन' फिल्म की कहानी एक्शन से भरपूर है, जैसा की टीजर में दिखाया गया है। एक्टर विशाल का रोल एक शांत और आज्ञाकारी पति का है, जो घर में सारा काम करता है। लेकिन उसके अंदर एक छिपा हुआ हिंसक और एक्शन वाला इंसान है, जिसके बारे में उसकी दबंग पत्नी (तमन्ना) को शायद पता नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि वह घर की रसोई में ही गुंडों से लड़ता है। फिल्म 'पुरुषन' का निर्माण एसीएस अरुण कुमार ने बेन्ज मीडिया के तहत किया है। इसमें खुशबू सुंदर भी शामिल हैं। संगीत हिपहॉप तमिझा ने दिया है, कैमरा गोपी अमरनाथ ने संभाला है और एडिटिंग रोजर कर रहे हैं। इस फिल्म में योगी बाबू भी हैं, जिससे और मजा आने की उम्मीद है। अभी फिल्म की रिलीज डेट नहीं बताई गई है।

यह विशाल और सुंदर सी की एक साथ चौथी फिल्म है। पहले वे 'आंबला', 'एक्शन' और 'मधा गज राजा' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। फैंस को हमेशा विशाल-सुंदर सी की हिट जोड़ी की फिल्म का इंतजार रहता है। तमन्ना के फैंस बेसब्री से उनकी फिल्म 'पुरुषन' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'रुमालिया' गाने में डिंपल संग गोविंदा स्टाइल में डांस करते दिखे खेसारी



भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव एक्टिंग के साथ-साथ सिंगिंग और डांस के लिए भी जाने जाते हैं। उनके गाने रिलीज के साथ ट्रेंड करने लगते हैं। अधिकांश गानों में वे खुद परफॉर्म करते हैं। अभिनेता का नया गाना 'रुमालिया' रिलीज हुआ है। इसमें वे बॉलीवुड एक्टर गोविंदा वाले स्टाइल में शानदार डांस करते दिखे हैं।

इस गाने को खेसारी लाल यादव ने गाया है। उनके अलावा शिल्पी राज ने भी गाने को अपनी सुरीली आवाज से सजाया है। 'रुमालिया' गाना खेसारी लाल यादव और डिंपल सिंह पर फिल्माया गया है। दोनों की केमिस्ट्री कमाल की है। खेसारी के इस गाने पर उनके फैंस और नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। यूजर्स को गाना पसंद आया है। एक यूजर ने लिखा है, 'यह है ऑलराउंडर भोजपुरी सिंगर, दिल छूने वाला गाना है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'पवन सिंह के फैंस को इतना डर एग्जाम के रिजल्ट से नहीं लगता होगा, जितना खेसारी के गाने का पोस्टर देखकर लगता है'। एक यूजर ने लिखा है, 'भोजपुरी इंडस्ट्री के बादशाह हैं खेसारी'।

साल 2026 के शुरू होते ही खेसारी लाल भी एकदम फॉर्म में हैं। 'रुमालिया' से पहले उनके और भी गाने नए साल में रिलीज होकर हिट रहे हैं। इससे पहले एक्टर के गाने 'ऐ पिया', 'राजा हमरा से' और '3 थान' भी जनवरी में रिलीज हुए हैं और काफी पसंद किए गए हैं। फिल्मों की बात करें तो इस साल खेसारी की कई फिल्में आने की उम्मीद है।

## खुशी का रंग

डोपामाइन ड्रेसिंग का मतलब होता है खुशी के रंग में रंगा कपड़ा। हाल के सीज़न में इसकी ट्रेंडिंग जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। ऐसे कपड़े जो न सिर्फ आपको ढकते हैं बल्कि आपको खुश भी करते हैं। यह सिर्फ एक पिक्सेलेटेड सोशल मीडिया ट्रेंड से कहीं ज़्यादा है, यह कलर साइकोलॉजी, रनवे के जोश और कपड़ों में लिपटी मेंटल वेलनेस से जुड़ा है। दुनिया भर के और भारत के डिज़ाइनर ऐसे रंगों को सेलिब्रेट कर रहे हैं जो खुशी लाते हैं, और सालों के शांत मिनिमलिज़्म के खिलाफ आवाज़ उठा रहे हैं।



लाइफ स्टाइल



## बालों की कई समस्याओं का घरेलू इलाज है चायपत्ती

चाय पत्ती सिर्फ पीने में ही नहीं बल्कि बालों में लगाने के भी काफी काम आती है। इसके इस्तेमाल से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है साथ ही झड़ना भी कम हो जाता है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ने लगे हैं या फिर दोमुंहे नजर आ रहे हैं तो ऐसे में आप बालों में चाय पत्ती (ड्राई स्कैल्प) के पैक को बनाकर लगा सकती हैं। यह बालों को झड़ने से रोकने में मदद करता है और ग्रोथ बढ़ाता है। चाय पत्ती का पेस्ट बनाने के लिए आपको दो चम्मच चाय पत्ती पाउडर को 1 चम्मच एलोवेरा में मिक्स करना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा पानी मिक्स करना है। फिर इस पेस्ट को अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाना है। इसके बाद शैंपू से बाल साफ कर लेने हैं। इसे आप हफ्ते में 1 बार लगाएं। इससे आपके बालों की ग्रोथ कुछ ही महीनों में अच्छी हो जाएगी। चाय पत्ती का पानी बालों के लिए काफी अच्छा होता है। ये एक बेहतरीन कंडीशनर होता है। इसको लगाने से बाल मुलायम (जोजोबा ऑयल) होते है और चमकदार नजर आते हैं। चाय पत्ती का पानी बनाने के लिए एक बर्तन में 2 कप पानी लें और इसे दो टी बैग्स को डालें। अब इसे अच्छे से उबाल लें, जब जब चाय का रंग न आ जाए। फिर इसे ठंडा करें और इससे बालों को वॉश करें। इससे भी आपके बाल चमकदार नजर आएंगे। इन दोनों तरीकों से चाय पत्ती का इस्तेमाल करने से आप अपने बालों को स्वस्थ और सुंदर बने रहेंगे। अगर आपको किसी भी तरह की एलर्जी है इसका इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। चाय पत्ती बालों के लिए एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है, जो बालों को झड़ने से रोकने, उन्हें घना, चमकदार और मुलायम बनाने में मदद करती है। इसमें मौजूद कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की जड़ों को मजबूत करते हैं और समय से पहले सफेद होने की समस्या से बचाते हैं। इसके पानी से बालों को धोना सबसे प्रभावी तरीका है।



### चायपत्ती के प्रमुख फायदे और उपयोग

हेयर फॉल और मजबूती: चाय पत्ती में कैफीन होता है, जो बालों के झड़ने के लिए जिम्मेदार हार्मोन को ब्लॉक करता है और बालों की ग्रोथ बढ़ाता है। समय से पहले सफेद बाल: यह बालों को प्राकृतिक रूप से काला रंग देने में मदद करती है। डैंड्रफ और चमक: चाय के पानी से स्कैल्प की खुजली, डैंड्रफ कम होती है और बालों में चमक आती है। उपयोग की विधि : 2-3 चम्मच चाय पत्ती को 2 कप पानी में उबालें। इसे ठंडा करके छान लें और शैम्पू के बाद बालों पर इस पानी को डालें।

## स्टाइलिश लहंगा डिजाइंस बन सकते हैं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड का हिस्सा



आजकल कई डिजाइंस के लहंगे आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन मार्केट तक में नजर आ जाएंगे। लहंगे की बात करें तो आजकल हम इसके लिए सेलिब्रिटीज के पहनें हुए डिजाइनर लुक्स को फॉलो करते हैं। लेटेस्ट फैशन ट्रेंड में आने वाले लहंगे के ये स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स आपको जानना जरूरी है।



### सिल्क लहंगा डिजाइन


एलिगेंट और क्लासी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरीके का आप सिल्क फैब्रिक से बना लहंगा पहन सकती हैं। इस तरह का लहंगा आप अलमारी में बंद पड़ी पुरानी साड़ी की मदद लेकर भी बना सकती हैं। वहीं आप चाहे तो इस तरीके के लहंगे को बनाने के लिए एक से ज्यादा साड़ी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अलग-अलग साड़ी चुन रही हैं तो कलर कॉम्बिनेशन का खास ख्याल रखें। स्टाइलिंग की बात करें तो इस तरीके के लुक के साथ आप टेम्पल ज्वेलरी को पहन सकती हैं। सर्दी के मौसम में अक्सर हम स्टाइलिश दिखने के चक्कर में ठंड को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन बता दें कि आप स्टाइलिश दिखने के लिए जरूरी नहीं कि ठंड के मौसम को अनदेखा करें। बल्कि आप अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए फैब्रिक का चुनाव सोच-समझकर भी कर सकते हैं। क्लासी और ग्लैमरस लुक पाने के लिए आप वेलवेट फैब्रिक से बने लहंगे को पहन सकती हैं। वेलवेट लहंगे को हैवी लुक देने के लिए आप गोटा-पट्टी लेस वर्क या पैच वर्क का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### पेस्टल कलर लहंगा लुक

पेस्टल कलर देखने में सटल और सॉफ्ट लुक देने में सहायता करता है। इस तरह में आपको स्काई ब्लू, पीच, बेज, जैसे कई अन्य कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। वहीं इस तरह के लाइट कलर्स को आप दिन के समय होने वाले फंक्शन के लिए चुन सकती हैं।

## स्क्रब करते ही होंठ हो जाते हैं ड्राई तो इन टिप्स को करें फॉलो



त्वचा के साथ-साथ होंठों की भी सही तरीके से देखभाल करना बेहद जरूरी होता है और इसके लिए हम अक्सर लिप केयर रूटीन को फॉलो करते हैं। लिप केयर रूटीन में खासकर लिप स्क्रब का रोलबेहद अहम होता है, लेकिन क्या आप जानती हैं कि होंठों पर स्क्रब करते समय होंठों की ड्राईनेस बढ़ जाती है?

अगर नहीं तो बता दें कि होंठों पर बार-बार स्क्रब करने से सर्दी के मौसम में स्किन से मॉइस्चर चला जाता है, जिसके कारण त्वचा ड्राई नजर आने लगती है।

चेहरे की त्वचा से कई ज्यादा नाजुक होंठों की त्वचा होती है और इसपर जमी डेड स्किन की लेयर को हटाने के लिए हम लिप स्क्रब का इस्तेमाल करते हैं। वहीं इसके लिए हमें कम से कम प्रेशर का इस्तेमाल करके ही होंठों पर स्क्रब करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी त्वचा को स्क्रब द्वारा किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा और डेड स्किन भी हर जाएगी। वहीं अगर आप तेज दबाव से होंठों को स्क्रब करेंगे तो आपके होंठ कट सकते हैं और आपको चोट पहुंच सकती है।

## बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है। बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें। मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें। मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी।



इसलिए ट्रिम करते हुए इन बालों को समानुपात में ही काटें। वरना दाढ़ी के साथ इस जगह के बाल बहुत कम होंगे और बुरे भी लगेंगे। जिस तरह से सिर के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है, फिर बालों की क्वालिटी पर इसका असर पड़ता है। ठीक वैसे ही दाढ़ी के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है और फिर इसका असर भी दिखने लगता है।

कार्नर न्यूज

### आसान टिप्स से संवारें अपनी आंखों को

## अपनी आंखों को कुछ ऐसे संवारें, महफिल की रौनक बन जाएगा आपका चेहरा

ऑफिस में अलग-अलग मौके पर होने वाली पार्टी का इंतजार हर स्टाफ करता है। किसी को पार्टी में गेम, डांस करना पसंद होता है तो किसी को पसंद होता है स्टाइल दिखाना। आजकल हर कोई ट्राई करना है नए फैशन ट्रेंड के हिसाब से तैयार होना। इसके लिए कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो अपने आउटफिट के साथ-साथ मेकअप पर भी खास ध्यान देती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे उनका लुक परफेक्ट लगता है साथ ही वो सबसे ज्यादा खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसे में आप इस बार दिवाली पार्टी पर इन टिप्स की मदद से ट्राई करें ये आई मेकअप। इसे क्रिएट करने के बाद आपका लुक पूरी तरीके से बदल जाएगा।

### आंखों पर लगाएं प्राइमर

आंखों पर मेकअप करने से पहले आपको प्राइमर का इस्तेमाल करना है। इसके लिए प्राइमर को आई लीड पर लगाएं फिर ब्लेंडर की मदद से अच्छे से ब्लेंड करें। इसे इसलिए लगाना जरूरी है ताकि आंखों का मेकअप लंबे समय तक टीका रहे। इसके लिए आप उसी शेड का प्राइमर इस्तेमाल करें। जिसे फेस पर अप्लाई करती हैं।



### ड्रेस के हिसाब से चूज करें आईशैडो

आप जिस तरीके की ड्रेस वियर कर रही हैं उसके हिसाब से अपने आईशैडो का कलर चूज करें। कोशिश करें की लुक (पार्टी मेकअप टिप्स) को सिंपल रखें। ऑफिस में न्यूट्रल कलर आई मेकअप ज्यादा अच्छा लगता है। इसके लिए आप वॉर्म कॉपर, सॉफ्ट ब्राउन वैगरह कलर को चूज कर सकती हैं। ये काफी अच्छे लगते हैं। इसके बाद इन्हें अच्छे से ब्लेंड करें।

### आंखों पर लगाए लाइनर

इसके बाद आपको आंखों पर आई लाइनर लगाना है। इसके लिए आप पेंसिल, जेल या फिर लिक्विड किसी भी तरह के आई लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। विंग आई लाइनर के लिए पहले आपको आंखों के साइड में विंग्स क्रिएट करनी है फिर अंदर की तरफ पतली लाइन क्रिएट करनी है। इस तरीके से आपका लाइनर लग जाएगा।

### आइब्रो करें फिल

जब आपका आई मेकअप हो जाए तो फिर अपनी आईब्रो को ब्रो कलर से फिल करें। इसके लिए आप अपने आईब्रो के कलर के हिसाब (पिंक मेकअप लुक) से ब्राउन या ब्लैक कलर चूज कर सकती हैं। इसके बाद मस्कारा लगाएं और आई मेकअप लुक को कंप्लीट करें।

